निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 148 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




लातेहार में रिश्वत लेते गिरफ्तार स्वास्थ्यकर्मी

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य कर्मी घूस लेते गिरफ्तार

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू एसीबी की टीम ने सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने लातेहार प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम अजय भारती को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एएनएम लीलावती कुमारी पर उप स्वास्थ्य केंद्र में रहते हुए कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। इस मामले में विभाग द्वारा जांच की गई जिसमें वह निर्दोष साबित हुई। हालांकि अजय भारती ने जांच रिपोर्ट पॉजिटिव दिखाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। बाद में यह सौदा पांच हजार रुपए में तय हुआ। लीलावती कुमारी रिश्वत देना नहीं चाहती थीं जिसके बाद उन्होंने पलामू एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने पर एसीबी टीम ने लातेहार प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अजय भारती को 5 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम आरोपी अजय भारती को धर्मपुर स्थित उसके किराए के आवास पर ले गई, जहां तलाशी अभियान चलाया गया।

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। लड़की की मेडिकल जांच करा ली गई है। आरोपियों की पहचान हो चुकी है। सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। पुलिस के मुताबिक लड़की कहीं से कल रात में घर लौट रही थी तभी बदमाशों ने इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। रातू थाना प्रभारी रामनारायण सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की पहचान हो चुकी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### अवैध पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ बिहार भागने की फिराक में दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सुमित अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विश्वानन्द कुमार उर्फ रिषु कुमार और प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है।

### विमान क्रैश में रांची के पीयूष पुष्प की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें रांची के 20 साल के युवक पीयूष पुष्प का निधन हो गया। पीयूष अरगोड़ा कटहल मोड़, लाजपत नगर के निवासी थे। वे रांची के जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के पूर्व शिक्षक टीएन साहू के पुत्र थे।

# क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में भारत बनेगा आत्मनिर्भर : डा. सारस्वत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन क्रिटिकल मेटल्स, रीसाइक्लिंग, इनोवेशन, सेपरेशन एंड प्रोसेसिंग का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह सम्मेलन (13 से 15 अक्टूबर 2025) गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स के सतत दोहन को रोकने, प्रोसेसिंग और रीसाइक्लिंग के लिए नई रणनीतियों और तकनीकों पर चर्चा करना है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य एवं पद्म भूषण डॉ वीके सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भारत को क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स की खुद की खोज, पुनर्प्राप्ति और रीसाइक्लिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना बेहद जरूरी है ताकि देश की स्वच्छ ऊर्ज़ा और हाईटेक इंडस्ट्री की जरूरतें पूरी हो सके। उन्होंने कह कि इंडस्ट्री और एकेडमिक्स के सहयोग से लैब में विकसित तकनीकों को इंडस्ट्रियल स्तर पर लागू करना होगा, जिससे भारत में सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा मिल सके। डॉ सारस्वत ने कहा कि लिथियम और संबंधित धातुओं का वैश्विक बाजार 400 अरब डॉलर से अधिक का है और भारत को समय रहते तकनीकी नवाचार और बहु-विषयक शोध के माध्यम से इस क्षेत्र में वैश्विक हब के रूप में उभरना होगा। इस अवसर पर आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स भविष्य की ऊर्ज़ा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि आइआइटी (आइएसएम) को हाल ही में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन क्रिटिकल माइनरलियेशन के रूप में मान्यता मिली है और इंडिया-यूनाइटेड किंगडम , क्रिटिकल मिनरल्स ऑब्जर्वेटरी, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने हाल ही में की है, आइआइटी (आइएसएम) धनबाद में स्थापित की जाएगी। प्रो मिश्रा ने कहा कि जैसे इंजीनियरिंग में नियंत्रण प्रणाली से संचालन होता है वैसे ही क्रिटिकल मिनरल्स प्रबंधन के लिए भी डाटा आधारित, एनालिटिकल और अनुकूल फ्रेमवर्क की जरूरत है ताकि देश स्वच्छ ऊर्ज़ा की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा जा सके। उन्होंने शोधकर्ताओं से नवाचार, सहयोग और दृढ़ता के साथ इस दिशा में काम करने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह में आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरेज कुमार भी उपस्थित रहे।

# नक्सली ठिकाने से दो एसएलआर व भारी मात्रा में कारतूस बरामद



नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हज़ारीबाग से बड़ी खबर सामने आई है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हजारीबाग-बोकारो सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान दो एसएलआर राइफल, कई मैगजीन, भारी मात्रा में कारतूस, पिट्ठू पाउच तथा अन्य नक्सली सामग्रियां बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को खुफिया सूचना मिली थी कि सीमावर्ती जंगल क्षेत्र में नक्सली संगठन के कुछ सदस्य सक्रिय हैं। सूचना के आधार पर पुलिस और सीआरपीएफ़ की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया जिसमें यह बरामदगी की गई। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि इस कार्रवाई से नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है और नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फिर गया है। इलाके में अब भी सघन तलाशी अभियान जारी है ताकि किसी भी नक्सली गतिविधि को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की संयुक्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि क्षेत्र को नक्सल मुक्त बनाया जा सके।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के थानापाड़ा मुहल्ले में 26 वर्षीय विवाहिता बिंदु देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के ससुराल वालों ने बताया कि बिंदु देवी फंदे से लटकी मिली थीं। उन्हें नीचे उतारकर सोनाजोड़ी सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों का कहना है कि बिंदु देवी की मौत केवल आत्महत्या नहीं हो सकती। परिजन आरोप लगा रहे हैं कि ससुराल पक्ष ने उन्हें प्रताड़ित किया और हत्या की है। मृतका के भाई माखनलाल साह ने पुलिस को शिकायत पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि बिंदु देवी की शादी 2021 में आकाश कुमार शाह से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उन्हें ससुराल द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता रहा। मृतका के भाई माखनलाल साह ने दावा किया कि उनकी बहन के गले पर काले निशान थे जिसे छुपाने के लिए पाउडर लगाया गया था। परिजन यह भी कहते हैं कि जब उन्हें ससुराल से बिंदु देवी के बीमार होने की सूचना मिली और वे वहां पहुंचे तब तक उनकी बहन की मौत हो चुकी थी। मृतका की एक तीन साल की पुत्री भी है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पति आकाश कुमार शाह समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। इस घटना को लेकर आसपास के लोगों में तरह-तरह की चर्चा की जा रही है।

# रांची पुलिस और सुजीत सिन्हा गैंग के बीच मुठभेड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची के बालसिरिंग इलाके में सोमवार सुबह पुलिस और कुख्यात सुजीत सिन्हा गैंग के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की गोली से अपराधी आफताब घायल हो गया जबकि उसके दो साथी सोनू और एक अन्य अपराधी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से तीन पिस्टल भी बरामद किए हैं। ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि सभी अपराधी सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े हैं। हाल ही में डोरंडा में हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे। दरअसल कुछ दिन पहले डोरंडा थाना क्षेत्र में रहने वाले कुख्यात अपराधी मोनू राय के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। यह फायरिंग सुजीत सिन्हा के इशारे पर की गई थी जिसमें सोनू, आफताब और उसके एक साथी शामिल थे। अपराधियों ने फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया था। इस घटना के बाद से पुलिस गिरोह के सदस्यों की तलाश में जुटी थी। सुजीत सिन्हा गैंग की तलाश के लिए एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर और हटिया डीएसपी पीके मिश्रा की अगुवाई में कई थानों की टीम बनाई गई थी। रांची में जगह-जगह नाकेबंदी और वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक बाइक सवार संदिग्ध मिला जिसके पास से एक पिस्टल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू बताया और खुलासा किया कि उसके बाकी साथी बालसिरिंग पहाड़ के पास शराब पी रहे हैं। सोनू की जानकारी पर पुलिस टीम तुरंत बालसिरिंग पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# रांची नगर निगम पर झामुमो की खास नजर


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में आने वाले दिनों में नगर निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में झारखंड की तीनों प्रमुख सत्तारूढ़ पार्टियां राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस, गैर-दलीय चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई हैं। इन तीनों राजनीतिक दलों के नेताओं का मानना है कि इस बार दलीय चुनाव हों या न हों, उनकी कोशिश रहेगी कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले ज्यादा से ज्यादा लोग नगर निकाय चुनाव जीतकर वार्ड पार्षद, मेयर, डिप्टी मेयर और नगर परिषदों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनें। इस संवाददाता ने जब राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं से बात की तो तीनों दलों ने कहा कि उनकी पार्टियां नगर सरकार बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और नगर निकाय चुनावों में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य अंतु तिर्की ने कहा कि रांची नगर निगम चुनाव पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पार्टी मेयर और डिप्टी मेयर के साथ-साथ 53 वार्ड पार्षदों के पदों पर भी कड़ी नजर रख रही है। अंतु तिर्की ने कहा कि पार्टी नेतृत्व राज्य की सभी 48 नगर निकाय क्षेत्र में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर भी गंभीर है। झारखंड में आगामी नगर निकाय चुनावों के संबंध में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि जहां भी समाजवादी समूह हैं, राष्ट्रीय जनता दल दलितों, वंचितों और पिछड़ों के उत्पीड़न के खिलाफ एक सशक्त आवाज है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि पार्टी झारखंड में नगर निकाय चुनावों को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नगर निकाय चुनावों को लेकर बैठकें कर ली हैं और सभी 48 नगर निकाय क्षेत्र में पूरी तैयारी कर ली है।

# झारखंड में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बिहार के बाद झारखंड में जल्द ही मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू होने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली है। इसके तहत सभी मतदाताओं को नये सिरे से चिन्हित करने का काम होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने इस संदर्भ में जून 2024 में दिशा-निर्देश जारी करते हुए झारखंड सहित देशभर में मतदाता गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है जिसके तहत प्रथम चरण के प्री रिवीजन एक्टिविटी को पूर्ण कर लिया गया है। प्री रिवीजन एक्टिविटी के तहत बूथों का निर्धारण किया गया है। दो किलोमीटर के अंदर 1200 मतदाताओं पर एक बूथ का निर्धारण के साथ-साथ नजरी नक्शा से टैग करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले फ़ेज में मतदाताओं को चिन्हित करने का काम किया जाएगा। इसके लिए आयोग के निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता लाई जा सके। आयोग द्वारा पिछला गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 को आधार बनाया गया है। आयोग का मानना है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण, लगातार हो रहे प्रवास, युवा नागरिकों का मतदान के लिए पात्र होना, मौतों की सूचना न देना और विदेशी अवैध प्रवासियों के नाम शामिल होने जैसे विभिन्न कारणों से मतदाता सूचियों को शुद्धता और त्रुटिरहित बनाने के लिए गहन पुनरीक्षण आवश्यक है। ईसीआई के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार कहते हैं कि जिस किसी का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है उसे मतदाता होने की अपनी पात्रता स्थापित नहीं करनी होगी और जिनका नाम उसमें नहीं है, उसके माता-पिता या घर के किसी सदस्य जो 2003 के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है, उनके आधार पर मतदाता प्रमाणित किए जायेंगे। जानकारी के मुताबिक, आयोग ने इसके अलावा विभिन्न प्रकार के पात्र सरकारी दस्तावेजों को भी मान्य किया है जिसका उपयोग करके प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। 1 जुलाई, 1987 से पहले जन्मे लोगों को अपनी जन्मतिथि और जन्मस्थान का कोई भी दस्तावेज जमा करना होगा। 1 जुलाई, 1987 और 2 दिसंबर, 2004 के बीच जन्मे युवाओं को अपनी जन्मतिथि और जन्म स्थान के साथ-साथ अपने माता-पिता में से किसी एक का दस्तावेज भी जमा करना होगा। 2 दिसंबर, 2004 के बाद जन्मे लोगों को अपनी और अपने माता-पिता दोनों की जन्मतिथि और जन्म स्थान का प्रमाण देना होगा। बहरहाल आयोग द्वारा की जा रही तैयारी के बीच इतना तो साफ हो गया है कि राज्य में मतदाता गहन पुनरीक्षण होगा जिसकी शुरुआत होते ही निःसंदेह बिहार की तरह एक बार फिर झारखंड में भी सियासत गरमाने की आशंका है।

# किसानों को समय व उचित दर पर खाद-बीज हो उपलब्ध : उपायुक्त

## उपायुक्त ने की कृषि, गव्य, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, भू-संरक्षण व पशुपालन विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में कृषि, गव्य, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, भू-संरक्षण एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा भौतिक लक्ष्य और भौतिक उपलब्धि के बारे में विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बताया गया कि मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपुर्ति के 9300 प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 6240 के बीच वितरण किया गया है। वहीं 370 मत्स्य पालकों को फीड आपूर्ति की जानी है जिसके विरुद्ध 313 मत्स्य पालकों के बीच इसकी आपूर्ति की जा चुकी है। वहीं 370 मत्स्य पालकों के बीच जाल आपूर्ति की जानी है जिसके विरुद्ध 313 जाल की आपूर्ति कर दी गयी है।उपायुक्त द्वारा मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना, समेकित मत्स्य पालन योजना, फीड बेस्ड फिशरीज, केज कल्चर विस्तार योजना के तहत किये जा रहे विभिन्न बिंदुओं पर जानकरी ली। वहीं वेद व्यास आवास योजना के तहत जिन गरीब मछुआरों द्वारा आवेदन दिया गया है, उन सभी आवेदनों का संबंधित प्रखंड से सत्यापन कराकर सभी को आवास प्रदान करने में तेजी लाने की बात कही। वहीं गव्य विकास योजना अंतर्गत दो दुधारू गाय का वितरण, कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना, प्रगतिशील देरी कृषकों की सहायता योजना, पशु आहार एवं चार विकास योजना सहित प्रशिक्षण प्रसार एवं कौशल विकास योजना के तहत किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इसी तरह पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में पशुओं को दिये जाने वाले चारा की उपलब्धता की जानकारी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुओं में हो रहे टीकाकरण कार्य, बकरा विकास योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, बतख चूजा वितरण योजना, ब्रायलर कुकुट पालन, सूकर विकास योजना की जानकारी लेते हुए पशुपालन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप करते हुए सभी योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिले। इसी तरह उपायुक्त ने कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रकार के बीज वितरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कृषि पदाधिकारी को सभी तरह के बीज वितरण को ससमय वितरण करने साथ ही जिले के किसानों को समय पर और उचित दर पर खाद-बीज उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही।इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण, पशुपालन समेत मत्स्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विधायक मनोज यादव ने देर रात चौपारण अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जल्द होगा अस्पताल का जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण हजारीबाग।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार की देर रात करीब 8 बजे चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और कर्मियों की उपस्थिति का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में विधायक ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम और दवा वितरण काउंटर सहित कई विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से बात कर अस्पताल में चल रही चिकित्सा व्यवस्था और समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने मौके पर पाई गई कमियों पर असंतोष जताया और अस्पताल प्रबंधन को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, प्रदीप केशरी, अशोक केशरी, रिशु बर्नवाल,शिक्षक शिवकुमार यादव और सुबोध यादव सहित कई स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जल्द होगा अस्पताल का जीर्णोद्धार : विधायक मनोज यादव**

निरीक्षण के बाद विधायक मनोज यादव ने कहा कि चौपारण सामुदायिक अस्पताल क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य इकाई है, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने कहा—'अस्पताल की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके भवन और आधारभूत सुविधाओं के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तब तक मौजूदा संसाधनों से मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में पलामू की दो बेटियों ने जीता पदक

## दिल्ली में आयोजित 9वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में पलामू का रहा शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू)।** दिल्ली के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, नॉर्थ कैंपस में 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 9वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में पलामू की बेटियों तान्या वर्मा और सौम्या वर्मा ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए अंडर-11 टीम फाइट (सोती) इवेंट में दो कांस्य पदक हासिल किए। दोनों खिलाड़ी ओरिएंट पब्लिक स्कूल, डालटनगंज की छात्राएं हैं। इनकी इस उपलब्धि से पूरे पलामू जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल प्रेमियों और शिक्षकों ने दोनों प्रतिभाओं की सराहना की है।

पलामू गतका संघ के जिला सचिव सुमित बर्मन ने बताया कि तान्या वर्मा व सौम्या वर्मा ने अपनी कौशल, अनुशासन व सूझबूझ से शानदार प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पलामू के कूल 12 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कुछ पॉइंट्स के अंतर से पदक से चूक गए। आने वाले समय में वे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का असली आनंद तभी है जब खिलाड़ी हार का अनुभव भी करें। गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सुमित बर्मन को उनकी निष्पक्ष और सटीक रेफरीशिप के लिए सम्मानित किया। यह झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। क्योंकि राज्य से पहली बार किसी रेफरी को इस स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पलामू गतका संघ के जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी, उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह, बबलू चावला, मानत बग्गा, सनत चटर्जी, प्रदीप मेहता, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मेहता, सह सचिव दीपेन्द्र सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने दोनों बेटियों को बधाई दी। जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि पलामू की बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो कोई मंज़िल दूर नहीं। उनका यह प्रदर्शन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# बरही विस में बिजली समस्या के समाधान को लेकर सक्रिय हुए कृष्णा यादव विजैया पंचायत के बैजलाडीह में 100 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही (हजारीबाग)।** बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था को सुधारने की दिशा में जेएलकेएम नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में विजैया पंचायत के ग्राम बैजलाडीह में 100 केवीए ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई।

इस ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कृष्णा यादव ने ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 'बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली समस्या लंबे समय से गंभीर बनी हुई है। बैजलाडीह के ग्रामीण ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण अंधेरे में रहने को विवश थे। ग्रामीणों की मांग पर तत्परता से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है।' उन्होंने आगे कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करना और हर गांव तक नियमित बिजली पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों ने कृष्णा यादव का माला पहनाकर स्वागत किया और इस पहल के लिए आभार जताया। ट्रांसफार्मर लगने से गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर जहांगीर मियां, मंजूर अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, शराज अंसारी, रियाज अंसारी, गुलजार अंसारी, तबारक अंसारी, मुस्लिम मियां, कलाम अंसारी, खुर्बान अंसारी, महफूज अंसारी, इस्लाम अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सहकारिता विभाग के कृष्णा किशोर प्रसाद ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष जेपी पटेल का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष जेपी पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की आशा व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भी जेपी पटेल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी जन-जन तक पहुँचेगी।

इस मौके पर जिला सहकारिता विभाग के पदाधिकारी और कई वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे। स्वागत समारोह के दौरान संगठनात्मक मजबूती, ग्रामीण स्तर पर सदस्यता अभियान और आम जनता से जुड़ाव बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

जेपी पटेल ने कहा कि वे संगठन की एकजुटता और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने पार्टी हाईकमान और सभी कार्यकताओं का आभार जताया।

# बरही के बरसोत गांव में तालाब में डूबने से बच्ची की दर्दनाक मौत, गांव में मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के बरसोत गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां छठ तालाब (पृथ्वी सागर तालाब) में डूबने से 13 वर्षीय खुशी कुमारी, पिता धर्मेंद्र रजवार की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, खुशी अपने तीन बहनों और छोटे भाई के साथ कपड़ा धोने एवं नहाने के लिए तालाब गई थी। नहाते समय वह अनजाने में गहरे पानी में उतर गई और डूबने लगी। भाई-बहनों ने शोर मचाया, जिसके बाद गांव के मंटू रजवार ने तत्परता दिखाते हुए तालाब में कूदकर बच्ची को बाहर निकाला। लेकिन तब तक खुशी बेहोश हो चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब की सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# किसी भी सरकारी योजनाओं के लाभ का प्रलोभन देने पर मोबाइल ओटीपी शेयर न करें : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बरही।** बरही बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के ग्रामीणों, किसी भी तरह के सरकारी योजना से लाभ पाने वाले लाभुकों एवं आमजनों से पत्र के माध्यम से सूचित करते हुए कहा कि विभिन्न पंचायतों से मंईया सम्मान, पेंशन, मातृत्व योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत मोबाइल पर ओटीपी मांग कर साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर से किसी भी प्रकार की योजनाओं यथा मईयाँ सम्मान योजना , पेंशन योजना ,मातृत्व योजना एवं अन्य योजना की स्वीकृति अथवा अन्य किसी कार्यो के लिए किसी भी प्रखण्ड कर्मी द्वारा मोबाईल ओ०टी०पी० की मांग नहीं की जाती है तथा किसी नये अप्लिकेशन को गुगल प्ले स्टोर के माध्यम से इंस्टाल करने के लिए नहीं कहा जाता है। यदि इस प्रकार की कोई सूचना अथवा अप्लिकेशन इंस्टॉल करने के संबंध में बोला जा रहा है तो ये पूर्ण रूप से ठगी का मामला है। किसी भी हाल उनके झांसा में न आकर इंस्टॉल करें न ओटीपी शेयर करें अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं जिसकी पूरी जिम्मेदारी आप खुद होगें।

# सीरमा गांव में भीषण आग से तीन दुधारू गायों की मौत, एक बछड़ा झुलसा, परिवार पर टूटा संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के सीरमा नया खाप गांव में बीती रात हुई भीषण आगजनी की घटना में एक ग्रामीण परिवार की आजीविका पर भारी संकट आ गया। गांव के ही निवासी मुकेश साव (पिता स्व. चान्दो साव) के खटाल में अचानक लगी आग में उनकी तीन दुधारू गायें जलकर मर गईं, जबकि एक बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया।

घटना के समय मुकेश साव अपने घर पर भोजन कर रहे थे, जो खटाल से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस बीच ग्रामीणों ने खटाल से उठती लपटें देखकर शोर मचाया और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक खटाल का पूरा ढांचा और मवेशी राख हो चुके थे। पीड़ित मुकेश साव ने बताया कि इन गायों से होने वाली आमदनी से ही परिवार का भरण-पोषण होता था। अब उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा और तत्काल सहायता की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही कार्यकारी मुखिया प्रवीण सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद साहू और भाजपा नेता मुकुंद साव मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए।

## राजद नेता जयशंकर ठाकुर हत्याकांड की सीबीआई जांच

### हत्यारों को फांसी की मांग को ले कचहरी परिसर में दिया धरना

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संविधान बचाओ मोर्चा के बैनर तले पलामू जिला परिषद कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना के माध्यम से राजद नेता जयशंकर ठाकुर हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने व हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई। धरना में वक्ताओं ने कहा कि पलामू जिला के पाटन प्रखंड स्थित उताकी गांव निवासी जयशंकर ठाकुर, राजद के पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष थे। वे जीवनभर सामाजिक न्याय, पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण के लिए संघर्षरत थे। उन्होंने अपने गांव में सक्रिय पत्थर माफिया के खिलाफ लगातार आवाज उठाई थी।

# एबीकेएम जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिंहा की पत्नी का निधन, चित्रांश समाज में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (एबीकेएम) हजारीबाग के जिला अध्यक्ष रिटायर्ड सीजीएम अरुण प्रभात सिंहा की धर्मपत्नी का कल रात्रि निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही चित्रांश समाज एवं शहर के सामाजिक परिवेश में गहरा शोक व्याप्त हो गया।

स्वर्गीय श्रीमती मीना प्रसाद अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। परिवार में शोक की लहर है, वहीं मित्रों, परिचितों और समाजसेवियों का घर पर लगातार आगमन जारी है। अग्नि संस्कार आज स्थानीय श्मशान घाट में किया गया, जिसमें चित्रांश परिवार, एबीकेएम के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद मौके पर वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती मीना प्रसाद एक सौम्य, धर्मपरायण और सामाजिक सोच रखने वाली महिला थीं। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

## झारखण्ड में खेल के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजा मेदनीराय स्पोर्ट्स एसोसियेशन का किया गया गठन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नई मुहल्ला स्थित आनन्द मार्ग स्कूल के प्रांगण में मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाइगर एकेडमी पलामू प्रमंडल के खेल प्रशिक्षकों की बैठक की गई। राजा मेदनीराय स्पोर्ट्स एशोसिएसन के मुख्य संरक्षक राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बनाया गया। संरक्षक के रूप में आनन्द शंकर, विधायक आलोक चौरसिया, आलोक वर्मा भोलू, सुधीर कुमार सिंह, प्रशांत किशोर, विभाकर नारायण पाण्डेय, महेश तिवारी, उपेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, शबीर अहमद, निजामुद्दीन मुला, टाईगर श्राफ अभिनेता के प्रशिक्षक कृष्णा नन्द त्रिपाठी होगे । संस्थापक शंखनाथ सिंह चेरो को चुना गया। अध्यक्ष के रूप में सतीश कुमार का सर्व सम्मति से चयन किया गया।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में चौपारण की प्रतिभाओं का जलवा

# 48 टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक दौर में पहुंचा



धीरज सिंह

**चौपारण (हजारीबाग)।** सांसद खेल महामहोत्सव के तहत बिरसा मैदान, डुमरी में आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट इन दिनों ग्रामीण खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। टूर्नामेंट का रोमांच अब चरम पर पहुंच चुका है, जहां चौपारण प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की 48 टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर दिया है। खिलाड़ियों और दर्शकों ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया, वहीं बरही विधायक मनोज यादव को उनके सहयोग के लिए आभार जताया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं मुखिया बिरेंद्र रजक ने बताया कि टूर्नामेंट में हर टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया है और ग्रामीण युवाओं में खेल को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। समिति के सचिव विजय यादव ने जानकारी दी कि अब तक खेले गए मुकाबलों में गंगाआहार, टोइया, अमझर, गोविंदपुर, भटबिगहा, कोरियाडीह, डेबो, चौपारण, चक, परतापुर, कान्हाचक, सेलहारा और सेलहारा खुर्द की टीमें अगले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अशोक यादव और विजय मद्देशिया, उप सचिव बिनोद सिंह और मंटू सिंह, संयोजक बालेश्वर राणा और विकास रजक, नारायण साव, बसंत साव, देवल यादव, भोला राणा, तथा रेफरी सुनील यादव और उमेश पासवान सहित समिति के कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों और आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के खेल आयोजनों से ग्राम्य स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और चौपारण क्षेत्र का नाम जिले एवं राज्य स्तर पर चमकेगा।

# प्राचीन छठ घाट बरहीडीह में विधायक ने पूजा समिति व सामाजिक कार्यकताओं के साथ की बैठक

## छठ पर्व को लेकर घाट की साफ-सफाई, साज सज्जा व लाइटिंग को लेकर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** आगामी छठ महापर्व को लेकर सोमवार की सुबह बरही प्रखंड स्थित प्राचीन छठ घाट बरहीडीह में सूर्य मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने की, जबकि संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजसिंह चौहान ने किया।

बैठक में छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर घाट और नदी की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात सुगमता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बरहीडीह मोड़ से लेकर छठ घाट तक लाइट लगाने और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत विधायक मनोज यादव ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व है, जिसमें स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता राजसिंह चौहान, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया समशेर आलम, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, एसआई रूपलाल यादव, कैलाशपति सिंह, पंसस जीतू ठाकुर, अशोक सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साव, आकाश जायसवाल, नागेश्वर प्रसाद केशरी, कृपाल राणा, भोली पासवान, छोटी ठाकुर, विजय सिंह, राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, अमित गौरव (पमपम), विकास सिंह, संजय साव, टिंकू आलम, मुकेश सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, विक्की सिंह, अमित सिंह, कौशिक कुमार, बिनोद साव, महेंद्र प्रसाद उर्फ बाली, पिंटू ठाकुर, पिंटू सिंह, संजय कुमार, सुरेश राम समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 13-10-2025 21:56 Page 1



मामला आईआरसीटीसी घोटाले का

# आरोप तय होते ही गरमायी सियासत

## अब लालू परिवार की दुर्गति निश्चित : नीरज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आईआरसीटीसी घोटाला में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर राउज और एवेन्यू कोर्ट में आरोप तय होने के मामले पर बिहार में सियासत गरमा गई है। आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी यादव ने कहा कि हम इस मामले में लड़ाई लड़ेंगे। हम शुरू से कहते आ रहे हैं कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, ऐसे-ऐसे मामले सामने आएंगे। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं और इस केस को लड़ेंगे। बिहार की जनता समझदार है, उन्हें सब पता है कि क्या हो रहा है। यह सब राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। जिस व्यक्ति ने रेलवे को 90 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा दिलाया, जिसने हर बजट में किराया घटाया, जो ऐतिहासिक रेल मंत्री रहे। उसी व्यक्ति को आज निशाना बनाया जा रहा है। हार्वर्ड और आईआईएम के छात्र लालू जी से मैनेजमेंट सीखने आते थे। उन्हें मैनेजमेंट गुरु कहा जाता है। बिहार और देश की जनता सच्चाई जानती है। जब तक मैं जिंदा हूं, भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। जदयू के मुख्य प्रवक्ता ने कहां कि लालू परिवार पर 420 और 120 बी का आरोप लगना स्वाभाविक है। लालू यादव ने अपने बड़े भाई के परिजन को नौकरी दी और फुलवरिया में जमीन बिकवा दिया। और राबड़ी देवी के चाचा के परिवार को नौकरी दिया तो भी जमीन लिखवा ली। नीरज कुमार ने कहा कि यह तो स्वाभाविक प्रक्रिया है यह न्याय हुआ है। अब लालू परिवार की दुर्गति निश्चित है।

एमएलसी नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछा कि अगर आपके नाम पर संपत्ति थी तो अपने इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया? न्यायपालिका को आप चुनाव से जोड़ रहे हैं तो आपके वकील ने जिरह क्यों नहीं किया? आपके घटक दल के लोग टाइमिंग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन आपने घोटाला करके जितनी संपत्ति अर्जित की उसके बारे में क्यों नहीं बता रहे हैं। आज कोर्ट ने फिर से न्याय किया है। वह भाजपा प्रवक्ता इस देश का कानून सबसे ऊपर है। कोई कितनी बड़ी भी हस्ती हो कानून सबके लिए बराबर है। आज उन पर आरोप भी तय किए गए हैं, वह न्याय हुआ है। बिहार की जनता ऐसे परिवारवादी, वंशवादी, भ्रष्टाचारी परिवार को बिहार में दोबारा सत्ता में नहीं देखना चाहती। हम मांग करते हैं कि उन्हें करी से करी सजा दी जाए।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरजेडी के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**शिवाजीनगर।** शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शिवाजीनगर पुलिस ने बोरज गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। मिली जानकारी केअनुसार,शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र में नियमित वाहन गश्ती पर निकला हुआ था। इस दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बोरज गांव के एक घर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है।

# बर्निंग ट्रेन बनने से बची लिच्छवी एक्सप्रेस

- कर्मियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा
- 24 मिनट तक एकमा स्टेशन पर खड़ी रही ट्रेन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपराझसिवान रेलखंड के एकमा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह सीतामढ़ी से आनंद विहार जा रही अप लिच्छवी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14005) की एसी बोगी का ब्रेक जाम होने से अचानक आग लग गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्टेशन पर तैनात कर्मियों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

इसके पूर्व दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मियों द्वारा समय रहते एकमा स्टेशन को सूचना दे दी गई थी कि लिच्छवी एक्सप्रेस की एसी बोगी संख्या बी-2 में धुआं उठ रहा है। सूचना मिलते ही एकमा स्टेशन पर पहले से ही आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन मास्टर, पॉइंटमैन और अन्य कर्मियों को अलर्ट कर तैनात कर दिया गया।

जैसे ही ट्रेन एकमा स्टेशन पर सुबह 9:01 बजे पहुंची, तुरंत ही कर्मियों ने अग्निशामक यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने में ट्रेन के गार्ड, लोको पायलट व सहायक लोको पायलट ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। आग लगने का कारण एसी बोगी के ब्रेक व पहिए का जाम हो जाना बताया गया है। जिन्हें फ्री करने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

एकमा स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर मनोज कुमार तथा ड्यूटी पूरी कर लौट रहे स्टेशन मास्टर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि अप लिच्छवी एक्सप्रेस एकमा रेलवे स्टेशन पर 9:01 पर पहुंची। करीब 24 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही और 9:25 बजे उसे अगले स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्लेटफॉर्म पर जीआरपी व आरपीएफ के जवान तैनात रहे।

रेलवे सूत्रों के अनुसार आग लगने का प्राथमिक कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है। घटना में किसी भी यात्री को कोई चोट या नुकसान नहीं हुआ।

गया है कि बताया कि कर्मियों की सतर्कता व त्वरित कार्रवाई से लिच्छवी एक्सप्रेस ्रबर्निंग ट्रेन्र बनने से बच गई। बताया गया है कि रेल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कोच की तकनीकी जांच और संपूर्ण मेंटेनेंस के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# महागठबंधन के दो पूर्व विधायक आमने-सामने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कोढ़ा विधासभा क्षेत्र में ही महागठबंधन के दो पूर्व महिला विधायक आमने-सामने आ गईं और उनके बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुई। नोकझोंक का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक पूनम पासवान और सुनीता देवी बहस करती नजर आ रही है। वहीं स्थानीय युवक हल्ला मचा रहे हैं। कांग्रेस समर्थकों का कहना था कि सर्वे किया जा रहा है। गांव-गांव जाकर जांच करनी चाहिए।

दरअसल, महागठबंधन में टिकट को लेकर कई नेत्री और नेता ताल ठोक रहे हैं। इसी बीच रविवार को पूनम पासवान कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं को लेकर कोढ़ा के बिशहरिया गांव बहियार पहुंची थीं। यहां एक घर के आंगन बैठकर बातचीत कर रही थीं। इस बात की जानकारी पाकर गांव के कुछ युवक इकठ्ठा हो गए और पूनम पासवान का विरोध जताने लगे कि गुपचुप तरीके कांग्रेस के चुनावी सर्वेयर से कार्य कराया जा रहा है।

इसके कुछ ही देर बाद कांग्रेस से टिकट की एक दावेदार नेत्री सह पूर्व विधायक सुनीता देवी भी अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंच गईं। चौकी के दो किनारे बैठकर महागठबंधन की दोनों पूर्व विधायक के बीच तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। प्रत्याशी का ऐसा व्यवहार देख ग्रामीण दुखी हो गए और हल्ला मचाया। विरोध देखकर पूर्व विधायक पूनम पासवान चली गईं जबकि सुनीता देवी वहीं जमी रहीं। कोढ़ा की पूर्व विधायक पूनम पासवान ने कहा कि बूथ कमेटी गठन को लेकर हम क्षेत्र में थे। बीमार पड़े पवन जयसवाल के स्वास्थ्य का हाल लेने गए थे। इसी बीच पटना से आए कथित सर्वेयर पहुंच गए। इस बारे में मुझे विशेष जानकारी नहीं है। इसी बीच पूर्व विधायक सुनीता अपने समर्थकों के साथ आ धमकीं और तरह-तरह का आरोप लगा विवाद करने लगीं।


### जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को कुड़मी/कुर्मी महतो समुदाय आदिवासी समाज में शामिल होने के मांग, के विरोध में ,खूंटी जिला में आदिवासी समुदाय द्वारा संविधानसंगत शांति पूर्ण तरीके से सभा एवं जुलूस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायगा। 33 जनजाति प्रदर्शन में शमिल होगी ।सभा में खुंटी जिला के सभी प्रखंडों से लोग शामिल होंगे ।सभा चन्द्र प्रभात मुंडा की अध्यक्षता में होगी। जिसमें तिड़ू पडहा राजा मंगल मुंडा संगा पडहा राजा सोमा मुंडा। संयुक्ता पड़हा समिति के शिबू होरो आदिवासी नेता मार्शल बारला दुर्गावती ओडेया,सुरजू मुंडा,विनसय मुंडा आदि सभा में शामिल रहेंगे।

सभा स्थल कचहरी मैदान में 12बजे से 1:30 बजे तक सभा होगी उसके बाद 2बजे से जुलूस निकाला जायगा। जुलूस कचहरी मैदान से होकर सुभाष चन्द्र बोस चौक से डाक-बंगला होते हुए कचहरी मैदान पहुंच कर कार्यक्रम समाप्त की जायेगी।

# सुशांत सिंह राजपूत की बहन दिव्या गौतम लड़ेगी चुनाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजनीति एक और दिलचस्प मोड़ पर आ गई है। महागठबंधन में अभी सीटों का बंटवार होना बाकी है, लेकिन उससे पहले ही माले ने प्रत्याशियों की घोषणा शुरू कर दी है। माले ने अपनी उम्मीदवारों को सिंबल तक देना शुरू कर दिया है। माले के उम्मीदवारों में सबसे अहम नाम है सुशांत सिंह राजपूत की ममेरी बहन (कजन) दिव्या गौतम का।

दिवंगत अभिनेता सुशांत राजपूत की बहन को माले ने दीघा से उम्मीदवार बनाया है। दिव्या गौतम के अलावा, घोषी सीट से रामबली सिंह को भी टिकट मिल गया है।

दूसरी ओर, तरारी से नए चेहरा मदन सिंह चंद्रवंशी को उम्मीदवार बनाया है तो आरा से क्यामुद्दीन अंसारी पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताया है। पालीगंज से विधायक संदीप सौरभ को तो अगियांव सुरक्षित सीट से शिवप्रकाश रंजन को प्रत्याशी बनाया गया है।

वहीं, पीटीआई से बातचीत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी के कम से कम 18 सीट पर चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है, जबकि कुछ और सीट के लिए बातचीत जारी है। भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार मंगलवार से नामांकन दाखिल करना शुरू कर देंगे, हालांकि महागठबंधन ने अभी तक सीट बंटवारे के बारे में औपचारिक घोषणा नहीं की है।

# चलाया जा रहा प्री-कल्टीवेशन ड्राइव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** अवैध अफीम की खेती की रोकथाम एवं इसके विरुद्ध आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से खूंटी जिले में 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक प्री-कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न स्तरों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में पंचायत एवं गांव स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि अफीम की अवैध खेती न केवल अपराध की श्रेणी में आती है बल्कि इससे समाज एवं आने वाली पीढ़ियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अधिकारीगण ग्रामीणों को अफीम की खेती के स्थान पर वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिले में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर एवं सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों से भी आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अफीम की खेती के दुष्प्रभावों एवं इसके कानूनी परिणामों को सरल भाषा में आम जनता तक पहुँचाया जा रहा है, ताकि वे इस कुप्रथा से दूर रह सकें।

उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अवैध अफीम की खेती से दूर रहें और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं वैकल्पिक खेती का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अफीम उन्मूलन के लिए जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन के प्रयास तभी सफल होंगे जब लोग स्वयं आगे आकर इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें, और सुनिश्चित करें कि जिले के किसी भी हिस्से में अवैध अफीम की खेती न हो सके।

# सदर अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा

## नर्स पर लापरवाही का आरोप, कमिटी करेगी जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सदर अस्पताल में रविवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और ड्यूटी पर तैनात नर्स पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह प्रसव पीड़ा के कारण महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की देखरेख में उसने सुरक्षित रूप से एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद महिला को अचानक तेज दर्द होने लगा। इस पर ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने एक इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद महिला की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी।

अस्पताल के डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख मरीज को तत्काल एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। परिजन जब मृतका का शव लेकर वापस सदर अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

परिजनों का आरोप था कि यदि नर्स और डॉक्टर समय पर उचित इलाज करते, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इंजेक्शन लगाने के बाद ही महिला की तबीयत अचानक बिगड़ी, जिससे स्पष्ट है कि इलाज में गंभीर चूक हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। देवघर के सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी ने तत्काल एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। उन्होंने बताया कि दो से तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी। डॉ. चौधरी ने कहा कि यदि किसी भी स्वास्थ्यकर्मी या चिकित्सक की लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि देवघर में सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में लापरवाही के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई बार सख्त निर्देश जारी किए जाने के बावजूद कुछ कर्मियों की मनमानी और उदासीनता जारी है।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**सिकटा।** निकाह के करीब तीन माह बाद बेहरा पंचायत के झुमका वार्ड नंबर चार निवासी खलिकू जमा के पुत्र वाहीद जमा उर्फ लालबाबू(23 वर्ष) की हत्या पीट-पीटकर अज्ञात अपराधियों ने बीती रात कर दी।

सोमवार की सुबह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरिसिया के परिसर से पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल बेतिया भेज दिया है।

युवक के शरीर पर पिटाई के ढेरों जख्म मिले हैं। घटना की सूचना मिलते हीं नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, मैनाटांड़ पुलिस अंचल के इंस्पेक्टर राजीव कुमार व थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौर्य जांच के लिए पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक के कंधा, पैर, चेहरा पर पिटाई का गहरा जख्म है। उसके हाथ पर दांत से काटने का निशान मिला है। घटना के बाबत मृतक के पिता खलिकू जमा व उसकी बहन पूछताछ की जा रही है। दोनों का बयान अलग-अलग है ।अभी तक हत्या के कारण का पता नहीं चला है। ऐसा प्रतीत होता है कि पीट-पीटकर हत्या करने के बाद शव को स्कूल परिसर में फेंका गया।

# चिराग की पार्टी को लगा झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने सोमवार को लोजपा (रामविलास) की सदस्यता व पद दोनों से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नगर परिषद क्षेत्र के दशरथ नंदन कांप्लेक्स में संवाददाताओं को संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्ष से वे लोजपा के सिपाही के रूप में काम करते रहे ओर सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत किया। इसके बाद भी मेरे कार्य से पार्टी को संतुष्टि नहीं मिली, इस कारण मैंने पार्टी के पद व सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया। इससे संबंधित पत्र प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र का सम्मान होगा, अन्यथा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेंगे। मौके पर रामाशीष पासवान, सुदामा पासवान, प्रियरंजन सिंह, इम्तियाज कुरैशी सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे। मौके पर उन्होंने 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

### हम के लोगों ने जसुपा का थामा दामन

**पटना।** जीतन राम मांझी की पार्टी हम और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो को एनडीए में छह-छह सीटें तो मिल गईं मगर दोनों दलों के लिए असली चुनौती पूरे चुनाव अपने नेता-कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना है। एनडीए में अपेक्षा से कम सीटें मिलने के कारण दोनों ही दलों में आंतरिक नाराजगी दिखने लगी है। सबसे ज्यादा परेशानी हम में हैं। हम के कई नेता पहले ही माहौल भांप कर जन सुराज का दामन थाम चुके हैं। इनमें बोधगया से लक्ष्मण मांझी, टेकारी से डॉ. शशि यादव और मसौढ़ी से राजेश्वर मांझी को जन सुराज ने अपना उम्मीदवार भी बना दिया है। इनमें राजेश्वर मांझी हम के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, जबकि शशि यादव राष्ट्रीय महासचिव और लक्ष्मण मांझी प्रदेश महासचिव के पद पर थे।

# 16 माह बाद 1375 किमी दूर परिवार से मिली वृद्धा

## सोशल मीडिया बना परिवार मिलने का जरिया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*रांची। बड़वानी जिले के सेंधवा के वरला रोड ब्रिज के नीचे मिली अज्ञात महिला की कहानी मानवता की मिसाल बन गई। मानव सेवा समिति की पहल और सोशल मीडिया की मदद से 1375 किलोमीटर दूर झारखंड में रहने वाले परिजन चार दिन में मिल गए।*

*बता दें कि कुछ दिन पूर्व सेंधवा के वरला रोड ब्रिज के नीचे एक वृद्धा चार दिनों से अकेली बैठी मिली। जानकारी मिलने पर मानव सेवा समिति के महेंद्र परिहार, अपने मित्र कालू रेकल और अखिलेश वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। महिला ने अपना नाम सरिता बताया, जो देखने में मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रही थी। महेंद्र परिहार ने घटना की सूचना समिति के संचालक निलेश जैन को दी, जिसके बाद सहायता प्रक्रिया शुरू की गई।*

*निलेश जैन और महेंद्र परिहार ने मिलकर गुमशुदा महिला की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। चार दिन में ही यह संदेश झारखंड के रांची जिले के पास स्थित पीड़ोदिया गांव तक पहुंचा। वहीं के ब्रजकिशोर साहू ने संपर्क कर बताया कि सरिता उनकी बहन रबीना की रिश्तेदार हैं। तत्पश्चात वीडियो कॉल के माध्यम से महिला की बात परिवार से कराई गई। बात करते ही दोनों ओर भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा।*

*महिला को लेने झारखंड से उनके परिजन ब्रजकिशोर साहू, सोनू साहू और भोला साहू सेंधवा पहुंचे। वरला रोड स्थित स्थान पर जब बहन रबीना से वृद्धा सरिता की मुलाकात हुई तो दोनों की आंखें भर आईं। रबीना ने बताया कि 16 महीने से उनकी बहन लापता थी और वे लगातार उसकी तलाश में थे। परिवार ने महिला की देखभाल करने वाली सुमनबाई दावलबेड़ी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस दीपावली को वे पूरे परिवार के साथ खुशी से मनाएंगे।*

*इस कार्य में सहयोग देने वालों में सुरेंद्र सैनी, कालू रेकल, अखिलेश वर्मा, रुद्राक्ष परिहार, राजकुमार गुजरती, सुमनबाई दावलबेड़ी, राजेंद्र श्रीवास्तव मेघनगर और अजीत जैन बड़वानी शामिल रहे। मानव सेवा समिति के संचालक निलेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।*

### नामांकन शुरू

**पटना।** बिहार विधानसभा की दूसरे चरण की 122 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से आरंभ हो गई। इसके साथ ही राज्य की सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। अहम यह है कि पहले चरण के लिए नामांकन के शुरू चार दिन बीत गए लेकिन एनडीए एवं महागठबंधन दलों के किसी भी प्रत्याशी ने अभी तक नामांकन नहीं किया है। पहले चरण के नामांकन 17 अक्टूबर तक जबकि दूसरे चरण का नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है।

# 19 लाख रुपये के साथ दो मोटरसाइकिल सवार धराये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर गयाजी की पुलिस काफी सक्रिय इन दोनों दिख रही है।

इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार निदेर्शानुसार विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार की देर रात को नगर पुलिस उपाधीक्षक- 01 राजेश शाह के नेतृत्व में कोतवाली थाना क्षेत्र के टावर चौक के पास वाहनों की जांच की जा रही थी।

इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति क्रमशः धीरज कुमार गांव पुनावा थाना वजीरगंज एवं शुभम कुमार, टिकारी थाना टेकारी दोनों जिला गयाजी को रोका गया।

दोनों की जांच करने पर उनके पास रहे एक बैग से 19,95,000 रुपया नगद बरामद हुआ। इसके बाद एफ एस टी टीम को बुलाकर कार्रवाई कराई गई।

टीम ने 10 लाख रुपया से अधिक बरामद होने के कारण इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी गई। इनकम टैक्स विभाग द्वारा बरामद रुपया के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है। इसकी पुष्टि गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने की है।

उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति फिलहाल हिरासत में रखा गया है और इतनी बड़ी राशि के बारे में पूछताछ की जा रही है। जानकारी हो कि बिहार विधानसभा चुनाव घोषित होने के बाद 50000 रुपये से अधिक नगद राशि लेकर परिभ्रमण नहीं कर सकते हैं। अब पुलिस बरामद राशि के सोर्स और अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।

# महापरिवर्तन आंदोलन की समीक्षा बैठक में कई अहम बातों पर हुई चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोमवार को महापरिवर्तन आंदोलन की एक बैठक स्थानीय श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल औरंगाबाद में जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में कई अहम बातों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन कर रहे जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महापरिवर्तन आंदोलन की बयार से पूरे प्रदेश में एक नई जागृति के साथ न्समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वर्ग में एक क्रांति का संचार हो रहा है। लोगों ने संगठन के पांच सूत्री कार्यों को गति देने पर जोर दिया।

जिला प्रवक्ता रामजन्म सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज और बिरादरी अकेला रहने के लिए नहीं बना है। मानव जीवन नेक कार्य करने के लिए मिला है ।इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य नेक कार्यों को धार ही देना है। बैठक में प्रखंड शिष्टमंडल के विस्तार पर जोर दिया गया। सर्वसम्मति से देव प्रखंड के संयोजक पूर्व मुखिया संजय सिंह को बनाया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि मैं अपने जिम्मेवारी को बखूबी निभाते हुए यथाशीघ्र देव प्रखंड शिष्टमंडल का विस्तार करेंगे । पूर्व बैंक अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कई अहम मुद्दों की जानकारी देते हुए कहा कि महापरिवर्तन आंदोलन एक नई सोच को लेकर आया है, जिससे नई पीढ़ी को भ्रष्टाचार से मुक्त करायेगा।


बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष लवलेश यादव ने बताया कि इस आंदोलन को ग्राम पंचायत तक पहुंचना अति आवश्यक है ।प्रखंड शिष्टमंडल के माध्यम से प्रखण्ड के सभी पंचायत के सरपंच की सूची प्रखंड अधिकारी से प्राप्त कर सभी पंचायत सरपंच से संपर्क स्थापित कर प्रखंड में सरपंच न्याय समिति का गठन करने से आपसी विवादों को सुगमता के साथ समिति निदान कर सकती है। जिससे आम आदमी थाना और कचहरी जाने से वंचित हो सकता है। बैठक में उपस्थित इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, अरुण कुमार, डॉक्टर अयोध्या प्रसाद , मुहम्मद अबरार हसन, श्यामता यादव , देवनन्दन प्रसाद ने सरपंच न्याय समिति का पुरजोर समर्थन किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव और जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि ईश्वर कोई घूसखोर दारोगा नहीं होता है,वो सर्वोच्च सत्ता का न्यायाधीश होता है,उसे साक्षी मानकर हम सभी को स्वयं उस योग्य बनना होगा, जो हमारे प्रभाव से जिला के तमाम अधिकारी और पदाधिकारी हमारी अहमियत को समझने पर विवश हो सके ।

CMYK

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माणाधीन बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। उनके साथ वलसाड के सांसद धवल पटेल और गणदेवी के विधायक नरेश पटेल भी थे। इस दौरान मंत्री ने बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन पर चल रहे निर्माण और ट्रैक बिछाने के कार्यों की समीक्षा की। बिलिमोरा शहर आम के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। स्टेशन के फसाड का डिजाइन आम के बागानों से प्रेरित है जो शहर की प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय पहचान को प्रतिबिंबित करता है। आंतरिक और प्लेटफॉर्म क्षेत्र को पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के साथ डिजाइन किया गया है। फॉल्स सीलिंग को एंटी-वाइब्रेशन हैंगर से लगाया गया है ताकि ट्रेनों की तेज गति से होने वाले कंपन का असर फिटिंग्स पर न पड़े। स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे कि वेटिंग लाउंज, नर्सरी, शौचालय, रिटेल आउटलेट आदि। विभिन्न स्तरों पर सहज आवागमन के लिए कई लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और बच्चों वाले परिवारों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टेशन परिसर में हरियाली और ताजगीपूर्ण वातावरण बनाने के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ जोन, बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग, इवी पार्किंग आदि की योजना बनाई गई है। सुविधा और स्थिरता को मिलाते हुए, स्टेशन में इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की कई विशेषताएं शामिल की गई हैं, जैसे कि पानी का कुशल उपयोग, वर्षा जल संचयन, लो-फ्लो सैनिटरी फिटिंग्स, आंतरिक हिस्सों में कम गर्मी प्रवेश, कम वाष्पशील कार्बनिक यौगिक वाले पेंट आदि। रेल लेइंग कार ट्रैक कंस्ट्रक्शन बेस से 200-मीटर वेल्डेड रेल पैनलों को स्थापना स्थल तक ले जाने की सुविधा प्रदान करती है जिससे रेल पैनलों को यांत्रिक रूप से संभालने और रखने में आसानी होती है और मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होता है। 320 कि.मी./घंटा की गति पर ट्रेनों के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण की सटीकता को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। उच्चतम विश्वसनीयता और सटीकता वाले अत्याधुनिक सर्वेक्षण उपकरण तैनात किए जाते हैं और सभी सर्वेक्षण चरणों का बहु-स्तरीय सत्यापन किया जाता है। मामूली निर्माण भिन्नताओं की प्रभावी भरपाई के लिए रेफरेंस पिन सर्वे और रिग्रेशन एनालिसिस विधियों को अपनाया जाता है। बिलिमोरा स्टेशन में दो लूप लाइनें हैं जिनमें चार 18 में से 1 टर्नआउट्स मूवेबल क्रॉसिंग्स के साथ और दो 18 में से 1 क्रॉसओवर्स शामिल हैं। मुख्य लाइन 12 में से 1 टर्नआउट के माध्यम से शाखाबद्ध होती है ताकि कन्फर्मेशन कार बेस को समायोजित किया जा सके।



# राजद विधायक संगीता कुमारी, कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरभ और पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में राजद के निवर्तमान विधायक संगीता कुमारी और कांग्रेस निवर्तमान विधायक सिद्धार्थ सौरभ, पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा इस समारोह में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर रहे सुजीत कुमार भी भाजपा में शामिल हुए। इन सभी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सदस्यता ग्रहण करवाई। इस समारोह में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पूरे बिहार में जो माहौल है उससे साफ है कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए में शामिल सभी पांच दल चट्टानी एकता के साथ चुनावी मैदान में जा रहे हैं जबकि महागठबंधन में भगदड़ मची है। उन्होंने पार्टी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि अन्य दल के लोग एनडीए में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है और जल्द ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी जाएगी। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए के उम्मीदवारों के नामांकन का पर्चा दाखिल करने के दौरान एनडीए के बड़े नेता, राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के नेता प्रत्येक जिला में रहेंगे और नामांकन सभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी और विधान पार्षद संजय मयूख एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी भी उपस्थित रहे।



# मां का फर्ज और ड्यूटी का धर्म दोनों निभा रहीं शाजिया इकरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच जहां हर अधिकारी और सुरक्षाकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे में एक मार्मिक दृश्य सबका दिल छू गया। नामांकन केंद्र पर ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस अधिकारी एसआई शाजिया इकरा अपने नन्हें बच्चे को गोद में लेकर ड्यूटी पर नजर आईं। ड्यूटी की सख्ती और मां के प्यार की कोमलता दोनों का अनोखा संगम इस तस्वीर में झलकता है। एक ओर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी, तो दूसरी ओर मां के रूप में अपनी संतान की देखभाल का फर्ज शाजिया इकरा निभा रही हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां हर अधिकारी अपने-अपने स्तर पर समर्पित है। ऐसे में एसआई शाजिया इकरा जैसी महिला पुलिसकर्मियों की यह तस्वीर बताती है कि वर्दी के पीछे भी एक संवेदनशील दिल होता है। हर लोग उस महिला के जज्बे की सराहना और सलाम कर रहा है।

**जिला प्रशासन पूरी तरह एक्टिव**

दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नामांकन प्रक्रिया को लेकर वैशाली जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। हाजीपुर समाहरणालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 15 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नामांकन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। समाहरणालय के इलाके को बैरिकेडिंग कर एंट्री नियंत्रित कर दिया गया है। सिर्फ अधिकृत व्यक्तियों और प्रत्याशी से जुड़े प्रतिनिधियों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है।

# बी.डी. कॉलेज परिसर में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का शुभारंभ

## कॉलेज परिसर की हरियाली को मिलेगा बढ़ावा और स्वच्छता को एक नई दिशा मिलेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना ने आज पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने परिसर में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का शुभारंभ किया। यह इकाई कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा निदान नामक प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से स्थापित एवं संचालित की गई है। इस पहल का उद्देश्य जैविक अपशिष्ट को पुनः उपयोग कर उसे पोषक खाद में परिवर्तित करना है जिससे कॉलेज परिसर की हरियाली को बढ़ावा मिलेगा और स्वच्छता को एक नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने की जिनके मार्गदर्शन में यह संकल्प साकार हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा वर्मी कम्पोस्ट यूनिट न केवल हमारे परिसर को स्वच्छ और हरित बनाएगी, बल्कि विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाएगी। यह इकाई शिक्षा और पर्यावरण के बीच एक जीवंत सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के बर्सर डॉ. अमित कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग की कुमारी मोनिका तथा एनसीसी के प्रतिनिधि राहुल कुमार सहित अनेक शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बी.डी. कॉलेज की दूरदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बताया। वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के माध्यम से कॉलेज परिसर में उत्पन्न जैविक कचरे को केंचुओं की सहायता से पोषक खाद में बदला जाएगा, जिसका उपयोग वृक्षारोपण, बागवानी एवं अन्य हरित अभियानों में किया जाएगा। यह इकाई विद्यार्थियों के लिए एक प्रायोगिक शिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगी जहां वे पर्यावरणीय विज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझ सकेंगे। बी.डी. कॉलेज की यह पहल न केवल एक शैक्षणिक संस्थान की जिम्मेदारी को दर्शाती है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी आवश्यक है. यह हरित कदम आने वाले समय में कॉलेज को एक मॉडल ग्रीन कैंपस के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।




# वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकौना टोला बनकट में रविवार को एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। इस बाबत आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि बनकट निवासी बैजनाथ यादव की पत्नी 35 वर्षीय मुनिया देवी की अपने टोले ही में वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया गया है और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला खेत से घास लेकर आ रही थी। इसी बीच बैक कर रहे एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। अचानक दुर्घटना में मौत होने से घर में कोहराम मच गया है। एक ओर जहां आठ वर्षीय बेटी दौलती, चार वर्षीय बेटा आकाश और दो वर्षीय बेटा प्रकाश मां की मौत पर फुट-फुट कर रो रहे हैं तो अन्य परिजन भी गहरे सदमे में हैं। इस हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है।

## 1.62 लाख रुपये की ठगी

**गया जी।** साइबर गिरोह से जुड़े एक फर्जी कर्नल ने गया जी शहर के दुःखहरनी मंदिर के पास बुद्धा ट्रेडर्स के मालिक शशि कुमार को झांसे में लिया और उनसे एक लाख 62 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार के बयान पर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पीड़ित शशि ने साइबर थाने के दारोगा को बताया कि एक व्यक्ति ने कॉल किया और अपना परिचय मिलिटरी कैंप के कर्नल के रूप में दिया।

# प्रशिक्षण में कर्मियों की अनुपस्थिति रहने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर निर्वाचन में जुड़े पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व के साथ समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान पता चला कि कुछ कर्मिगण अनुपस्थित रह रहे हैं, जिसे लेकर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे गंभीरता से लिया है।डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी कर्मी अपने स्वास्थ्य कारणों को दिखाते हुए अनुपस्थित हो रहे हैं, उस स्थिति में ऐसा माना जाएगा कि वे संबंधित कर्मी अपने कार्यालय के सामान्य कार्य के संपादन में भी सक्षम नहीं है। वैसे उन संबंधित कर्मियों के जो कार्य में सक्षम नहीं है, उनके विभाग को अवगत कराते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी।निर्वाचन के कार्य में दिए गए निर्देश के अवहेलना पर विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई भी सुसंगत धाराओं के साथ की जाएगी।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विकसित भारत बिल्डाथॉन उद्घाटन में स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना ने बिहार का किया प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना.** यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है किरिया, काव्या और निधि, स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना की छात्राएं देशभर से चयनित 10 टीमों में शामिल थीं जिन्होंने आज आयोजित विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के उद्घाटन सत्र में प्रस्तुति दी. इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा किया गया. बिहार की एकमात्र टीम थी स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग जिसने इस राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति दी. छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल को मेंटर्स और विशेषज्ञों द्वारा अत्यधिक सराहना मिली. इस अवसर पर विजय प्रकाश, अध्यक्ष, ए.पी.सी.एल. एवं चेयरमैन, ए.आई.सी.-बी.वी. फाउंडेशन, डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्य, स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, प्रमोद कर्ण, सी.ओ.ओ., ए.आई.सी.-बी.वी. फाउंडेशन तथा राजेश कुमार, ए.आई.सी. प्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद कुमार सिंह (ए.टी.एल. प्रभारी)एवं रिशु द्वारा किया गया. विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 देश का सबसे बड़ा विद्यालय-स्तरीय नवाचार आयोजन है जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं. इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता, डिजाइन थिंकिंग और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है. कार्यक्रम 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे आरंभ हुआ और दोपहर 12 बजे संपन्न हुआ. इसमें देशभर की टीमों ने चार प्रमुख विषयों में से एक पर वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया. प्रत्येक टीम को 14 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच 2-5 मिनट का वीडियो प्रस्तुत करना होगा जिसमें वे अपने समस्या कथन, समाधान या प्रोटोटाइप, कार्यप्रणाली और प्रभावका विवरण देंगी. विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरांत 1,000 जिला, 100 राज्य और 10 राष्ट्रीय स्तर के विजेता जनवरी 2026 में घोषित किए जाएंगे.

विजेता टीमों को दीर्घकालिक मार्गदर्शन, कॉर्पोरेट सहयोग और नवाचार संसाधनों तक पहुंच प्रदान की जाएगी. हमारी छात्राएं रिया, काव्या और निधि ने बिहार की नवाचार भावना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया है. यह हमारे विद्यालय की उस शिक्षण पद्धति का प्रतीक है जिसमें अनुभवात्मक अधिगम और सृजनशीलता को प्राथमिकता दी जाती है.




# जलवायु अनुकूल कृषि पर मानपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा जिले के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं विषयगत प्रबंधकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण (13 से 14 अक्टूबर 2025) के आयोजन की शुरुआत सोमवार को मानपुर में की गई। इस अवसर पर जीविका गया के जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने कहा पर्यावरण अनुकूल कृषि वर्तमान की जरुरत है। एकल खुदाई (जीरो टिलेज) कृषि पर्यवरण अनुकूल के साथ-साथ पारंपरिक कृषि के मुकाबले ज्यादा किफायती है। इसे अपनाने की जरुरत है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप खेती की पद्धतियां, टिकाऊ कृषि तकनीकें, जल एवं मृदा संरक्षण के उपाय तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि मृदा और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए अधिकतम उत्पादन किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है। इसमें एकल खुदाई (जीरो टिलेज) एवं जैविक कृषि के फायदे। इसका प्रचार-प्रसार आदि के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण का संचालन डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट (पटना) के सीनियर को ऑर्डिनेटर अमितेश आनंद और सुजीत पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटते हुए किसानों की आय कैसे बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कम लागत वाली तकनीकों, फसल विविधीकरण और जैविक खेती के लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रबंधक जीविकोपार्जन कृषि कौटिल्य कुमार ने कहा कि कृषि में किसानों को सलाह एवं जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम संसाधन सेवियों की मदद ली जाती है। इसी साप्ताह ग्राम संसाधन सेवियों एवं पशु सखियों को टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। किसानों को पर्यावरण अनुकूल की जानकारी दी जा रही है। ऐसे प्रशिक्षण वर्तमान की जरुरत है इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी, अपितु इससे पर्यवरण संरक्षण में सहयोग मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि अपनाने के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण में पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सहित बीपीएम एवं विषयगत प्रबंधकों ने भाग लिया।

# जयंती पर याद किए गए जेपी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती धूमधाम से रविवार को मनाया गया। खादी कर्मियों द्वारा सुबह प्रभातफेरी के साथ-साथ सर्वधर्म प्रार्थना एवं उत्साहित होकर सामूहिक सफाई कार्यक्रम की गयी। इसके उपरांत जेपी प्रतिमा पर पुष्पअर्पित करते हुए अपने-अपने विचार रखे गये। ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोधोग समिति प्रधान कार्यालय के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि ग्राम निर्माण मंडल की स्थापना जेपी द्वारा 1954 में की गयी है। संस्था का मुख्य उद्देश्य लोक हित जीवन के मूल्यों में परिवर्तन करना है जिससे व्यक्तिगत से भौतिक आकांक्षाएं आध्यात्मिक प्रेरणाओं से पोषित हो। इस दिशा में संस्था निरंतर काम कर रही है। मंत्री अनील कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही खादी ग्रामोद्योग उत्पादन एवं बिक्री बड़े पैमाने पर किया जाता है। ग्रामीण शिल्पियों द्वारा सूत कताई, वस्त्र रंगाई आदि का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर शिववचन प्रसाद, राम प्रवेश प्रसाद, राज्य कुमार सिन्हा, हरि सिंह, रत्नाकर प्रसाद सिंह, कुलदीप महतो, उदय शंकर शर्मा, सुनीता देवी, नरेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# जीबीएम कॉलेज में बीए/बीएससी/बीकॉम सेमेस्टर फाइव की छात्राओं के लिए सीआईए जांच परीक्षाएं प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में बीए/बीएससी तथा बीकॉम सत्र 2023 से 2027 की सेमेस्टर फाइव की छात्राओं के लिए 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक दो पालियों में आयोजित होने वाली सतत आंतरिक आकलन जांच परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षाएं पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 12.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं अपराह्न 1.30 से 3.30 तक चलेंगी। बीए/बीएससी/बीकॉम के सत्र 2024 से 2028 की सेमेस्टर 3 कक्षा की छात्राओं की सीआईए परीक्षाएं 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होंगी। प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निर्देशानुसार बीए/बी एससी/बीकॉम सत्र 2025 से 2029 की प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं सीआईए जांच परीक्षाएं दीपावली एवं छठ की छुट्टियों के बाद 30 अक्टूबर से 01 नवंबर तक चलेंगी। सभी छात्राओं को समय से आकर सीआईए जांच परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है जो छात्राएं इन परीक्षाओं में किसी भी कारण से अनुपस्थित रह जाती हैं तो उन्हें रीटेस्ट देने के लिए संबंधित दस्तावेजों के साथ कॉलेज में 100 रुपये का अतिरिक्त शुल्क प्रति छूटा हुआ पेपर जमा करना होगा। अतः सभी परीक्षा सारणी को गंभीरता से लें। साथ ही जो छात्राएं सत्र 2025-26 में ब्लिस में नामांकन लेना चाहती हैं, वे कॉलेज आकर ऑफलाइन माध्यम से 18 अक्टूबर तक नामांकन प्रपत्र अनिवार्य रूप से जमा कर दें। डॉ रश्मि ने बताया कि मंगलवार 14 अक्टूबर को आंतरिक परीक्षाओं के उपरांत अपराह्न 2.30 बजे से कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में प्रधानाचार्या डॉ पटेल की उपस्थिति में एमिटी एवं एलपीयू यूनिवर्सिटीज के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग सेशन का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्या ने एमयू में एनएसएस स्थापना दिवस पर आयोजित गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर चयनित एनएसएस स्वयंसेवक लवली कुमारी का उत्साहवर्द्धन भी किया।

# सरकारी नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न करने के मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के भोला बिगहा गांव में सरकारी फंड से कराये जा रहे नाली निर्माण का विरोध करने व रंगदारी मांगने के मामले में कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। साथ ही देसी कट्टा को जब्त किया गया है। उक्त बातें रविवार को मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बतायीं। उन्होंने बताया कि भोला बिगहा गांव में सरकारी फंड से कराये जा रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान कुछ लोग अवैध हथियार लेकर आये और धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की। इसका विरोध करने पर मारपीट भी की। शोरगुल सुन कर ग्रामीण एकत्रित होने लगे, तो रंगदारी मांगने वाले लोग भाग निकले। लेकिन, भागने के दौरान एक देसी कट्टा घटनास्थल पर गिर गया। उस कट्टे को ग्रामीणों ने मगध मेडिकल थाने की पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में भोलाबिगहा गांव के रहने वाले कपिल यादव के बयान पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# पुलिस-एसएसबी ने संयुक्त रूप से नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गया जी जिला पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को गया जी जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधी बिगहा थाना क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गया के कमांडेंट मधुकर अभिषेक के निर्देश पर 'सी' समवाय डुमरिया के उप-निरीक्षक ओम प्रकाश के नेतृत्व में एसएसबी और बोधी बिगहा थाना की पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस संयुक्त सर्च अभियान के दौरान टीम ने खड़ग, डिभका और पोखरपुर गांवों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 13 लीटर 750 मिली लीटर देशी शराब को बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों और जब्त शराब को बोधी थाने की पुलिस को विधिक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। इस संबंध में बोधी बिगहा थाना अध्यक्ष प्रिय नंदन आलोक ने बताया कि यह अभियान नक्सल प्रभावित इलाके में शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान पूरी तरह सक्रिय है। अवैध शराब कारोबार और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई नक्सल प्रभावित इलाकों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से की गयी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी ऐसे सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को सक्रिय होने का मौका नहीं मिले।

# कट्टे के साथ दो युवक धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परैया पुलिस सघन छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के पहरा गांव से दो युवकों को देसी कट्टे और नकली पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान पहरा गांव निवासी विकास कुमार और धनंजय कुमार उर्फ रवि कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि दोनों युवक कट्टे के साथ गांव में घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआइ लीलाधर यादव के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई कर पहरा गांव में छापेमारी की और दोनों युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से एक कट्टा और एक नकली पिस्टल बरामद की है। इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तार युवकों को जेल भेजा गया है।

## संपादकीय


# सड़कें सिर्फ गाड़ियों के लिए हैं क्या? पैदल यात्रियों का हक आखिर कौन मानेगा?

देश में ज्यादातर सड़कें मुख्य रूप से वाहनों को ध्यान में रख कर ही बनाई गई हैं, जिससे पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। सड़कों पर पैदल चलने वालों को सुरक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना वाहनों में सवार लोगों का होता है। इस पर गौर करना जरूरी है कि सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं हैं, पैदल यात्रियों को भी उन पर चलने का हक है। यातायात नियम भी सभी पर लागू होते हैं। मगर सवाल है कि क्या पैदल यात्रियों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जा रहा है? हर वर्ष सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। यह सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा में एक गहरी प्रणालीगत विफलता है।यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों तथा गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। हालांकि, कुछ राज्य इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा चुके हैं, लेकिन उनकी नियमावली या तो पूरी तरह स्पष्ट नहीं है या फिर उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है।देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों जारी एक रपट से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से करीब 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.62 लाख लोग घायल हुए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 68 फीसद पैदल यात्री और दोपहिया सवार शामिल थे। यह आंकड़ा बताता है कि सड़कों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को होता है।दरअसल, देश में ज्यादातर सड़कें मुख्य रूप से वाहनों को ध्यान में रख कर ही बनाई गई हैं, जिससे पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह बात छिपी नहीं है कि अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं या वे टूटे हुए हैं या फिर उन पर अतिक्रमण हो गया है। इस वजह से नागरिकों को मुख्य सड़कों पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जहां तेज रफ्तार वाहनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। सड़कों पर यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने और सुरक्षा के लिए देश में मोटर वाहन अधिनियम बनाया गया है, मगर उसमें 'पैदल चलने के अधिकार' को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। भारतीय सड़क कांग्रेस ने वर्ष 2012 में फुटपाथों को लेकर कई सुझाव दिए थे, जिनमें पैदल चलने के लिए कम से कम 1.8 मीटर चौड़ा और बाधा-मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव भी शामिल था।

**हर बार की तरह बिहार विधानसभा का मौजूदा चुनाव उन सभी लोगों के लिए उम्मीदें लेकर आया है, जो खुद चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं.. उनके समर्थकों की भी उनकी कामयाबी से आस लगी है। कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसकी सेहत उस दल की जीत या हार पर निर्भर करती है, जिससे उसकी प्रतिबद्धता जुड़ी होती है। लेकिन सबसे ज्यादा उम्मीद पहली बार खुद चुनावी मैदान में उतरने जा रहे प्रशांत किशोर को है। उम्मीद तो तेजस्वी यादव को भी है। उन्हें लगता है कि इस बार उनके नाम के बाद अतीत में लगे उप विशेषण से मुक्ति मिल जाएगी। उम्मीद उस बीजेपी को भी है, जो अपने सहयोगी की तुलना में संख्या बल में ताकतवर होने के बावजूद छोटे भाई की भूमिका निभाने को मजबूर रही है।**

# बिहार में बजा चुनावी बिगुल, किसकी पूरी होगी आस, किसकी टूटेगी उम्मीद

(उमेश चतुर्वेदी)



आस तेजप्रताप को भी है कि वे लालू-राबड़ी की छाया से दूर होने के बावजूद चुनावी मैदान में कमाल दिखाने में वे सफल रहे हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को भी ऐसी ही उम्मीदें हैं। उसे भावी सरकार में हिस्सेदारी की आस है। लेकिन अन्य दलों की तुलना में उसकी उम्मीद कुछ अलग भी है। उसे लगता है कि अगर इस चुनाव में तेजस्वी की अगुआई वाले उसके गठबंधन ने मोदी-नीतीश की जोड़ी को पटखनी दे दी तो दिल्ली के ताज तक की उसकी यात्रा आसान हो जाएगी। उम्मीदें खोखली नहीं होतीं। उनका कुछ ठोस आधार भी होता है। इस लिहाज से देखें तो हर पार्टी और उसके बड़े नेताओं की आस के कुछ ठोस आधार हैं। तेजस्वी यादव को लगता है कि उनके गठबंधन में शामिल कांग्रेस के चलते उनके पारंपरिक मुस्लिम-यादव गठजोड़ को राज्य के सवर्ण तबके के एक वर्ग का वोट मिल सकता है। पिछले चुनाव में उनका गठबंधन नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन की तुलना में महज साढ़े सोलह हजार के करीब वोटों से ही पिछड़ गया था। उन्हें लगता है कि इस बार इस कमी को ना सिर्फ उनका गठबंधन पूरा कर लेगा,बल्कि आगे भी निकल जाएगा। लेकिन उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि पिछली बार चिराग पासवान की अगुआई वाली लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए से अलग होकर लड़ रही थी। तब उनका अघोषित और घोषित- दोनों उद्देश्य नीतीश कुमार को पटखनी देना था। इसमें वे पूरी तरह कामयाब तो नहीं हुए, अलबत्ता नीतीश के नतीजों को नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे। नीतीश की पार्टी को महज 43 सीटों से संतोष करना पड़ा था। लेकिन इस बार चिराग नीतीश के साथ हैं। अंदरखाने में भले ही वे नीतीश का साथ नहीं दे रहे हों, लेकिन करीब दस फीसद पासवान वोटरों का आधार एनडीए को मुहैया करा रहे हैं। इसलिए तेजस्वी को इस बार कहीं ज्यादा मेहनत करनी होगी। उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के ठोस वोट बैंक में गहरी सेंध लगानी होगी। तेजस्वी के लिए राहत की बात यह है कि सीमांचल की 28 सीटों पर उन्हें चुनौती देने वाली एआईएम इस बार उनसे गठबंधन करने के लिए लालायित है। अगर बात बन जाती है तो तेजस्वी के गठबंधन के लिए चुनावी वैतरणी थोड़ी आसान हो जाएगी। लेकिन तेजस्वी की राह का एक बड़ा रोड़ा उनके बड़े भाई तेजप्रताप हैं। जिन्हें उनकी दो बहनों का परोक्ष साथ भी मिल रहा है। इससे बिहार के उनके कोर वोटरों में संदेश गया है कि परिवार में सबकुछ ठीक नहीं है। अगर तेजस्वी के साथ यादव युवाओं का एक वर्ग खड़ा हो गया तो ओबैसी के आने से मिलने वाले फायदे जितना तेजस्वी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। रही बात नीतीश कुमार की तो इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव है। हालांकि पिछली बार यानी 2020 में जब वे चुनावी चक्रव्यूह में फंसे नजर आ रहे थे तो उन्होंने कुछ सभाओं में पिछले ही चुनाव को आखिरी बता दिया था। यह बात और है कि इस बार अभी तक ऐसा उन्होंने कोई संदेश नहीं दिया है। लेकिन बिहार के सियासी और लोक गलियारों में जिस तरह उनके स्वास्थ्य को लेकर चर्चाएं हैं, उससे माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव होगा। राजनीतिक दुनिया में यह भी माना जा रहा है कि इस बार वे बीजेपी से यह गारंटी चाहेंगे कि उनके बेटे निशांत का नेतृत्व स्थापित हो जाए। निशांत ने कुछ महीने पहले राजनीतिक सक्रियता दिखाकर ऐसा संकेत भी दिया था। हालांकि कुछ अरसे से उन्होंने सियासी चुप्पी ओढ़ ली है। उनके इस रूख से माना जा रहा है कि बीजेपी से अंदरखाने में किसी ठोस बिंदु पर बातचीत हो चकी है। हो सकता है कि निशांत विधानसभा का चुनाव ना लड़ें। लेकिन वे चुनाव बाद विधान परिषद में ठीक उसी तरह आ सकते हैं, जैसे उनके पिता आए। याद कीजिए, 2005 के जिस विधानसभा चुनाव में विजय के साथ नीतीश ने लालू राज को उखाड़ फेंका था, उस बार भी उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था और विधान परिषद के सदस्य के नाते उन्होंने सरकार की अगुआई की थी। इस बार के चुनाव में जनता दल यू एकजुट तो दिखेगा, लेकिन चुनाव मैदान में सबसे ज्यादा सवालों का सामना अशोक चौधरी को करना होगा। जिनके भ्रष्टाचार की गाथा को प्रशांत किशोर लोकमानस के बीच पहुंचा चुके हैं। उनकी ही तर्ज पर बीजेपी की ओर से उप मुख्यमंत्री बने मुरेठाधारी सम्राट चौधरी के लिए भी खुद का बचाव करना मुश्किल होगा, जिनके शैक्षिक प्रमाण पत्र और हत्या के एक आरोप में बरी होने को प्रशांत किशोर ने बिहार का सवाल बनाकर रख दिया है। बीजेपी इस बार चाहती है कि वह राज्य में बड़े भाई की भूमिका में रहे। बड़े भाई की भूमिका में आने के बाद ही वह राज्य की सर्वोच्च पार्टी बन सकती है। 1967 में समाजवादियों के साथ उसने जहां भी सरकार बनाई, उन राज्यों में बाद के दिनों में वह ना सिर्फ नंबर एक बन गई,बल्कि साथी समाजवादी दूर कहीं पीछे छूटते नजर आए। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा और कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। लेकिन बिहार में अब भी वह खुद के दम पर अपना वजूद स्थापित करने से दूर है। इस बार बीजेपी चाहेगी कि राज्यमें उसकी अगुआई में सरकार बने। इसके लिए उसने अपने दो बड़े कद्दावर रणनीतिकारों धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े को मैदान में उतार दिया है। दोनों ने बिहार में अपने ढंग से ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मैथिली की लोक गायिका मैथिली ठाकुर को बीजेपी एक तरह से अपना उम्मीदवार घोषिकर ही चुकी है। सत्ता पर काबिज होने और राज्य की नंबर एक सियासी पार्टी बनने के लिए मोदी-शाह के युग में पार्टी ने नई रणनीति अख्तियार की है। वह लोकप्रिय चेहरों को अपने साथ जोडने में देर नहीं लगाती। वैचारिक रूप से विरोधी रहे लोगों को भी अपने पाले में लाने में उसे गुरेज नहीं रहा। बशर्ते कि उनके आने से पार्टी को दूरगामी राजनीतिक फायदा मिलता दिख रहा हो। मैथिली ठाकुर का अतीत ऐसा नहीं है। मिथिला के लोक रंग में पली मैथिली एक तरह से भारतीय जनता पार्टी की पारंपरिक हिंदुत्व की राजनीति की नजदीकी ही लगती हैं। चुनाव के दौरान बीजेपी ऐसे कई और चेहरों पर दांव लगा सकती है। बीजेपी को उम्मीद अपने मजबूत रणनीतिक वोट बैंक पर है। अति पिछड़ों और सवर्ण तबके में उसकी पकड़ अच्छी है। कभी पिछड़ावादी राजनीति जिस समुदाय को भूराबाल यानी भूमिहार, राजपूत, ब्राह्मण और लाला यानी कायस्थ कहकर हिकारत का भाव दिखाती थी, उसे यह वर्ग भूला नहीं है। हालांकि हाल के दिनों में बीजेपी की ओर से पिछड़ावादी राजनीति को बढ़ावा देने और उसी समुदाय से नेतृत्व उभारने के चलते सवर्ण तबके का एक वर्ग नीतीश-बीजेपी जोड़ी से नाखुश भी है। लेकिन यह भी तय है कि जैसे इस वर्ग को लगेगा कि राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाला गठबंधन जीत रहा है, एकजुट होकर बीजेपी-नीतीश गठबंधन को टूटकर वोट डालेगा। मुसहर और अति दलित जातियां बीजेपी के साथ नजर आ रही हैं। बिहार की राजनीति में कोईरी-कुर्मी की जोड़ी को लवकुश कहा जाता रहा है। नीतीश बेशक अपनी बिरादरी कुर्मी के ही नेता नहीं माने जाते, लेकिन कुर्मी समुदाय उन्हें ही अपना नेता मानता है। कुशवाहा यानी कोईरी वर्ग के नेता उपेंद्र कुशवाहा इसी गठबंधन में हैं। चिराग भी मजबूती के साथ खड़े हैं। लिहाजा जाति और धर्म की कीमियागिरी वाली बिहारी राजनीति में बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन के लिए यह जातीय मसाला बड़ी काम की चीज है। इस बीच कई लोगों की उम्मीद की किरण प्रशांत किशोर बनकर उभरे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें सिर्फ सवर्ण तबके के युवाओं का समर्थन हासिल है। लेकिन जमीनी स्तर पर निगाह रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बेशक प्रशांत किशोर के समर्थक युवाओं में सबसे बड़ी संख्या सवर्ण युवाओं की है। लेकिन अन्य वर्ग के भी पढ़े-लिखे युवा भी प्रशांत किशोर के साथ हैं। उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार, जातिवाद और धर्म केंद्रित राजनीति में प्रशांत किशोर बिहार के लिए उम्मीद की नई किरण हैं। जिस तरह 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में राजनीतिक और चुनावी विश्लेषक अरविंद केजरीवाल को विशेष तवज्जो नहीं दे रहे थे, कुछ वैसी ही सोच प्रशांत किशोर को लेकर भी दिख रही है। लेकिन जिस तरह नतीजों में अरविंद केजरीवाल ने लोगों और चुनाव विश्लेषकों को चौंकाया था, हो सकता है कि बिहार की जनता प्रशांत किशोर को लेकर वैसे ही देश-दुनिया को चौंकाने का मौका दे सकती है। इससे बिहार में अपनी साख को दांव पर लगा रहा हर दल चिंतित भी है और परेशान भी। वैसे प्रशांत किशोर का मानना है कि 243 सदस्यीय विधानसभा में या तो उन्हें 150 सीटें मिलेंगी या फिर दस-पंद्रह। इस लिहाज से देखें तो प्रशांत किशोर जमीनी स्तर की बात कर रहे हैं। हो सकता है कि नतीजे कुछ ऐसे ही रहें। वैसे अपना आकलन है कि वे बिहार की राजनीति में सेंध लगाने में कामयाब रहेंगे, लेकिन सरकार बनाने के जादुई आंकड़े को छू पाना उनके लिए कठिन रहने वाला है। प्रशांत किशोर से शुरू में उम्मीद बढ़ी कि वे ऐसी ही राजनीति करेंगे। किसी की टूटती दिखेगी। लेकिन एक शख्स ऐसा अब भी है, जिनकी उम्मीद फिलहाल टूटती नजर आ रही है। उपेंद्र कुशवाहा को लेकर उनके समर्थकों को आस थी कि जल्द ही वे केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान बना पाने में कामयाब रहेंगे। लेकिन चुनावों की घोषणा के साथ ऐसा होना संभव नहीं रहा।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## जनरल से जवान तक एक कसौटी, इंडियन आर्मी ने बनाई नई फिटनेस पालिशी

(नीरज कुमार दुबे)

भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है कि अब से केवल जवान ही नहीं, बल्कि ब्रिगेडियर, मेजर जनरल और लेफ्टिनेंट जनरल जैसे शीर्ष अधिकारी भी हर वर्ष दो बार शारीरिक फिटनेस परीक्षण देंगे। यह संयुक्त शारीरिक परीक्षण अगले वर्ष अप्रैल से लागू होगा और इसका उद्देश्य है फिटनेस को रैंक से ऊपर रखकर युद्धक तैयारी को नया आयाम देना।

हम आपको बता दें कि अब तक सेना में दो अलग-अलग मानक थे। युद्धक शारीरिक दक्षता परीक्षा , 45 वर्ष तक के सैनिकों और अधिकारियों पर लागू थी। तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा 50 वर्ष तक के अधिकारियों पर लागू थी। अब इन दोनों को मिलाकर एक ही प्रणाली बनाई गई है- सीपीटी (कंबाइंड फिजीकल टेस्ट) । इसमें उम्र की ऊपरी सीमा 60 वर्ष कर दी गई है। इसका अर्थ है कि अब शीर्ष तीन-सितारा अधिकारी तक इस दायरे में आएंगे।

कंबाइंड फिजीकल टेस्ट में क्या-क्या शामिल है, इस पर गौर करें तो आपको बता दें कि 3.2 किलोमीटर दौड़ (या तेज चाल) 4.5 किलो वजन के साथ, पुश-अप्स, सिट-अप्स और रस्सी चढ़ना। हर प्रतिभागी को न्यूनतम 6 ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उसकी पदोन्नति पर प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, 55 वर्ष तक अधिकारी 'निगरानी में' यह परीक्षण देंगे और उसके बाद 60 वर्ष तक 'स्व-मूल्यांकन' के आधार पर फिटनेस की पुष्टि करेंगे।

देखा जाये तो आज के युद्धक्षेत्र का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। यह अब केवल 'शक्ति के टकराव' का नहीं, बल्कि 'सहनशक्ति और तत्परता' का युद्ध है। हाइब्रिड वॉरफेयर, मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस, काउंटर-इंसर्जेंसी और सीमित संसाधनों में त्वरित प्रतिक्रिया, इन सबके लिए सैनिक का शारीरिक और मानसिक रूप से उच्चतम स्तर पर रहना आवश्यक है। डिजिटलाइजेशन और ड्रोन-आधारित युद्धक प्रणालियों के बावजूद, 'मानव शरीर' ही हर सैन्य अभियान का केंद्रबिंदु है। इसलिए सेना का यह फैसला केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से आवश्यक कदम है।

सेना ने दो अलग-अलग प्रणालियों को समाप्त कर एकीकृत सीपीटी लागू किया है तो इसका अर्थ है संचालनात्मक एकरूपता । अब रैंक, आयु या लिंग के अनुसार अलग-अलग मानक नहीं होंगे, बल्कि एक समन्वित तालिका होगी, जो सभी को समान मापदंडों पर परखेगी। इससे दो प्रमुख लाभ होंगे। पहला- अब फिटनेस का मूल्यांकन स्पष्ट, तुलनीय और निष्पक्ष होगा। दूसरा- अलग-अलग परीक्षणों की जगह एकीकृत प्रणाली अपनाने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। यह सुधार केवल शारीरिक फिटनेस नहीं बल्कि संस्थागत फिटनेस का भी प्रतीक है, यानी एक ऐसी सेना जो खुद को बदलते समय के अनुसार ढालने की क्षमता रखती है। हम आपको यह भी बता दें कि भारतीय सेना ने हाल के वर्षों में कई सुधार आरंभ किए हैं। अग्निपथ योजना के ज़रिए जवानों की औसत आयु घटाकर युवा प्रोफ़ाइल बनाई गई, थियेटर कमांड संरचना की दिशा में कदम बढ़ाए गए और अब यह फिटनेस का आधुनिकीकरण उसी प्रक्रिया का अगला चरण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारतीय सेना न केवल हथियारों से, बल्कि मानवीय गुणवत्ता और आत्म-अनुशासन से भी युद्धक क्षमता बढ़ा रही है। यह कदम सैन्य नैतिकता में भी एक नए युग की शुरुआत है– जहाँ सीनियरिटी से ज़्यादा फिटनेस और पद से ज़्यादा उदाहरण मायने रखेगा।

सेना का यह निर्णय एक संदेश और संकल्प दोनों है। संदेश यह कि हर रैंक पर सैनिक वही है जो मैदान में सक्रिय रह सके और संकल्प यह कि सेना केवल युद्ध नहीं लड़ती, वह राष्ट्र को आत्मबल और अनुशासन की प्रेरणा भी देती है। देखा जाये तो संयुक्त शारीरिक परीक्षण भारतीय सेना को नयी पीढ़ी की फोर्स के रूप में गढ़ने का प्रयास है- जहाँ फिटनेस, तैयारी और नेतृत्व एक-दूसरे के पूरक हों। कुल मिलाकर देखें तो फिटनेस अब केवल सैनिक की शर्त नहीं, बल्कि नेतृत्व की पहचान है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## देश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधिक मामलों में बंगाल सबसे आगे

अशोक भाटिया

पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात हुई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है। शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने हमेशा की तरह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां तीनों ने छात्रा को अपनी हवस का शिकार बना डाला। दरिंदगी के बाद उन तीनों ने उसे धमकाया गया कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो अंजाम गंभीर होंगे। आरोपी जाते-जाते यह भी कह गए कि मोबाइल वापस चाहिए तो पैसे देने होंगे। इस वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हाल ही में जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्याकांड की पहली बरसी पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है।


श्री मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक्स पर शनिवार को आंकड़ों के साथ एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में राज्य में महिलाओं के खिलाफ 34 हजार 738 अपराध दर्ज हुए, जिससे यह देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। उनके अनुसार, राज्य की अपराध दर 71:8 प्रति एक लाख आबादी है, जो राष्ट्रीय औसत 65:4 से अधिक है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगस्त 2024 तक पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो से जुड़े 48 हजार 600 मामले लंबित हैं, जबकि फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें मौजूद हैं। मालवीय

## 20 वर्षों में बिहार ने बुना ग्रामीण सड़कों का मजबूत नेटवर्क

(जीतू नागपुरे)

पिछले 20 वर्षों में राज्यभर में कुल एक लाख, 19 हजार किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।विगत दो दशकों में राज्य में कुल ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क 8,000 कि.मी. से बढ़कर 1,19,000 कि.मी. से भी अधिक हो गया है।ग्रामीण सड़कें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है। पिछले 20 वर्षों में बिहार ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिससे न केवल राज्य के सुदूर गांवों से शहरों की दूरी कम हुई है, बल्कि ग्रामीण सड़कों ने गांव से गांवों की दूरी भी मिटा दी है।

पिछले 20 वर्षों में राज्यभर में कुल एक लाख, 19 हजार किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।विगत दो दशकों में राज्य में कुल ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क 8,000 कि.मी. से बढ़कर 1,19,000 कि.मी. से भी अधिक हो गया है। ग्रामीण कार्य



विभाग द्वारा पिछले 20 वर्षों में 2,560 पुलों का भी निर्माण कराया है। जो राज्य की 1 लाख, 20 हजार से भी अधिक ग्रामीण बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध करा रही हैं। जिससे राज्य के ग्रामीण इलाकों अब हर मौसम में यातायात व्यवस्था को सुगमता प्रदान हुई है। इस 'सड़क क्रांति' ने राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण संपर्क में भी सुधार किया है। जिससे बिहार की ग्रामीण आबादी को शिक्षा, स्वास्थ्य और अपने रोजगार तक पहुंचने का एक सुगम मार्ग भी उपलब्ध कराया जा सका है। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 के तहत राज्यभर में कुल 36,894 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का अनुरक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया है। विभाग के अनुसार फिलहाल राज्य में 12,500 ग्रामीण सड़कों के निर्माण का काम प्रगति पर है। साथ ही, 1,791 ग्रामीण पुलों के निर्माणकार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।बिहार के ग्रामीण इलाकों में सड़कों का यह जाल, ग्रामीण आबादी को यातायात के सुगम साधन से जोड़ रहा है तथा गांवों के उद्योगों को भी शहरों के बाजार से जोड़ रहा है। आज सड़कों के नेटवर्क से किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिलने लगा है। इन अभूतपूर्व बदलाव से राज्य में प्रति व्यक्ति आय में 700 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि बिहार में गांवों के बारहमासी सड़कों से जुड़ने की वजह से सम्भव हो पाया है। इन सड़कों के निर्माण का सकारात्मक परिणाम यह भी है कि राज्य में नये उद्योगों की स्थापना, पयर्टन स्थलों पर पर्यटकों के आने की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ-साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिला है।

बिहार का सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए या मारे गए लोगों को मुआवजा देने में देश में पहला स्थान है। मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने की योजना के अंतर्गत गंभीर चोट लगने पर 50 हजार और मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये देने का प्रावधान है। इसके तहत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) के पास हिट एंड रन से जुड़े 9 हजार 80 मामले अंतिम अनुमति के लिए भेजे गए हैं, ताकि इन्हें मुआवजा दिलाया जा सके। इसमें अब तक 5 हजार 830 मामलों में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। यह जानकारी एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी थी। एडीजी ने कहा कि पिछले डेढ़ से दो साल में 1626 मामलों में 84 करोड़ 19 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा करने के लिए 10 जिलों पटना, सारण, पूर्णिया, गयाजी, डेहरी, सहरसा, मुंगेर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण) का गठन किया गया है। इसमें 6 महीने, 9 महीने और अधिकतम 12 महीने में मामलों का निपटारा पूरा करने का प्रावधान किया गया है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी से संबंधित बैठक

## चयनित योजनाओं में आने वाली अड़चनों को विधिसम्मत तरीके से दूर करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अनटाइड फंड, विशेष केंद्रीय सहायता स्के डीएमएफटी के तहत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों को किसी भी सूरत में लंबित न होने दें। साथ ही निर्माण कार्य में जो भी बाधाएं आ रही है उनका निराकरण कराएं। एजेंसी की वजह से कोई भी डेवलपमेंट का काम न रूके इसका विशेष रूप से ध्यान रखें।

इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सारे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय से पूर्ण करायें। आगे उपायुक्त ने अबतक चयनित योजनाओं के साथ-साथ उनकी कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि निमार्णाधीन कार्यों को अविलंब पूर्ण कराएं, ताकि सारे कार्यो का जिला स्तर से निरीक्षण किया जा सके।

इसके उपरांत उपायुक्त ने अनटाइड फंड के तहत संचालित योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं के क्रियान्वयन करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों और पुल पुलिया को लेकर प्राथमिकता के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ करें।

इसके अलावा उन्होंने विशेष केंद्रीय सहायता और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनियोजित तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद का इस्तेमाल स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विकास योजनाओं के कार्यो पारदर्शिता लाने तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत प्रभावित क्षेत्रों के बेहतर विकास हेतु जितने भी योजनाओं का चयन किया जाता है सभी का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाय, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय एवम सही विकास हो सके। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि डीएमएफटी की राशि को प्राथमिकता के साथ खर्च किया जाय। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यथा-पेजलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, महिला शिक्षा आदि पर खर्च किया जाय। साथ ही योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाय बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, कार्यपालक अभियंता, ग्रामणी कार्य विभाग, योजना विभाग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पुलिस महानिदेशक ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ की ऑनलाइन बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के अनुरोध पर आज झारखंड के पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर शहर की कानून व्यवस्था तथा ट्रैफिक व्यवस्था कैसे मजबूत रहे, इस पर चर्चा की गई।

गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पिछले वर्षों में अच्छे पुलिस प्रशासन के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया गया की गिरिडीह में 7 वर्ष पूर्व ट्रैफिक थाना स्थापित होने के बावजूद यहां आज तक प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की प्रति नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिसके कारण ट्रैफिक नियंत्रण अभी भी आकुशल हाथों में है। पुलिस महानिदेशक को यह भी अवगत कराया गया की गिरिडीह के हमारे चेंबर के लगभग सभी सदस्यों के प्रतिष्ठान एवं आवास के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चैम्बर के सहयोग से वर्ष 2016 में गिरिडीह में लगाए गए 24 सीसीटीवी कैमरे में कितने कार्यरत है और कितने बंद है उनकी जानकारी नहीं होने की बात कही गई। पुलिस अधीक्षक गिरिडीह से अनुरोध किया गया कि की जानकारी देने से हम सब उनकी मरम्मत करवा देंगे तथा शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों तथा शहर में प्रवेश करने वाले स्थान पर इंटरनेट युक्त सीसीटीवी कैमरा अगर चेंबर ऑफ कॉमर्स लगा दे तो बहुत बड़ी मदद होगी। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि अधिक से अधिक व्यक्ति अपने वाहनों में दशा कैम लगाने का प्रयास करें क्योंकि इससे भी अपराध उन्मूलन में काफी सहायता मिलती है। इस ऑनलाइन बैठक में गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, कोईलांचल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा




## आवंटन का पूर्ण एवं पारदर्शी उपयोग का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*खूंटी। उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने, योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने तथा प्राप्त आवंटन का पूर्ण एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुँच सके।*

*बैठक में राजस्व संग्रहण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने खनन, उत्पाद, परिवहन, राजस्व, नगर परिषद समेत संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पदाधिकारी अपने स्तर से राजस्व संग्रहण समेत अन्य मामलों की स्थिति की निगरानी करें एवं लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्रों के निर्गत करने को लेकर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे। निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवेदनों का निष्पादन करते हुए प्रमाण पत्र जारी किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।*

*बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य, सरना-मसना एवं धुमकुड़िया भवन निर्माण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सामाजिक सुरक्षा विभाग के तहत मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, आपूर्ति विभाग के तहत राशन एवं धोती-साड़ी वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि विभाग की बिरसा फसल विस्तार योजना, बीज वितरण, किसान पाठशाला, मिट्टी जांच, मेला प्रदर्शनी आयोजन, जल जीवन मिशन की प्रगति, परिवहन विभाग की मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, यातायात नियमों के अनुपालन, समाज कल्याण विभाग की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, राजस्व विभाग के दाखिल-खारिज, भू-अर्जन विभाग के मुआवजा भुगतान, खनन विभाग की अवैध खनन पर रोकथाम तथा शिक्षा विभाग की योजनाओं जैसे–विद्यालयों में बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन वितरण, पोशाक एवं बैग वितरण की गहन समीक्षा की गई।*

*उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब न हो। साथ ही उन्होंने लाभुकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुँचाने, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।*

*इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (आईटीडीए), अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, उत्पाद अधीक्षक समेत अन्य ादाधिकारी उपस्थित थे।*

# विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस को ले चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज +2 हाई स्कूल गिरिडीह में, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस को लेकर चर्चा किया गया। जिसमे सदर हॉस्पिटल के मनोचिकित्सक डॉ. फजल अहमद के द्वारा कक्षा 9वी से लेके 12वी तक की बच्चियों को मानसिक स्वास्थ के बारे में बताया गया।

डॉक्टर के द्वारा बताया गया पढ़ाई का सही तरीका क्या है और अगर सही तरीका नहीं अपनाया तो कैसे पढ़ाई के दौरान सरदर्द शुरू हो जाता है और साथ मोबाइल के आदत से कैसे बचाव हो सकता है। समस्या होने से खुद को अकेले न करना, तुरंत शिक्षक या परिवारों के सदस्य से सहयोग लेना जरूरी है ये भी बताया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, जिला समाज कल्याण विभाग एवं बाल संरक्षण ईकाय से कर्मीगण उपस्थित रहे।

# प्राणायाम जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर एवं रविशंकर फाउंडेशन की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान में योग और प्राणायाम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक योग और प्राणायाम के बारे में और उनसे होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ को विस्तार से बताया यह कार्यक्रम इंडिया लिटरेसी मिशन के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम मे अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सचिव सीए रवि गाडिया, कोषाध्यक्ष सीए दीपक संथालिया, पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, आईपीपी ब्रह्मदेव प्रसाद ,ई.अजय गुप्ता,सीए राकेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रंजीत लाल, पूर्व अध्यक्ष सीए प्रकाश दत्ता, पूर्व अध्यक्ष विकाश शर्मा,राजेंद्र तरवे ,संयोजक डॉ. निखिल अग्रवाल, डॉक्टर खुशबू, सुमित अग्रवाल, निक्की गाडिया, रितु संथालिया, नेहा गुप्ता, पुजा दत्ता,अदिति गाडिया इत्यादि एवं आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक मुकेश,संतोष ,सोनी कुमारी, प्रताप शर्मा, सचिन भूषण एवं अन्य शिक्षक एवं काफी लोगो की उपस्थिति रही।

# छठ महापर्व को ले अनुमंडल स्तरीय समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** धनवार प्रखण्ड अंतर्गत राजधनवार राजा घाट पर आयोजित होने वाले पावन महापर्व छठ-2025 के अवसर पर विधि-व्यवस्था के संधारण, स्वच्छता व्यवस्था, जनसुविधाओं की उपलब्धता तथा समुचित प्रशासनिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दण्डाधिकारी, खोरीमहुआ अनिमेष रंजन की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ राजेन्द्र प्रसाद, भूमि सुधार उप-समाहर्ता, खोरीमहुआ सुनील कुमार प्रजापति, कार्यपालक दण्डाधिकारी, खोरीमहुआ अभिषेक कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, धनवार देवेंद्र कुमार दास, अंचल अधिकारी, धनवार यसवंत सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत धनवार हर्षवर्धन, थाना प्रभारी, धनवार सत्येन्द्र पाल, ओ.पी. प्रभारी, घोड़थम्बा धमेन्द्र अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही धनवार छठ पूजा समिति एवं दिवानटोला छठ पूजा समिति के सदस्यगण भी आमंत्रित रूप से शामिल हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं पूजा समितियों से कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के सफल, सुरक्षित और स्वच्छ आयोजन हेतु विधि-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं आपातकालीन सेवा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। राजधनवार राजा घाट की ओर आने-जाने वाले मार्गों पर वाहन परिचालन को सुचारु रखने, पार्किंग स्थलों की व्यवस्था, एवं श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन हेतु विशेष यातायात योजना तैयार करने का निर्देश दिया पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है। सभी संबंधित विभागों एवं समितियों ने छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पर्व की अवधि के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़-नियंत्रण, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता एवं रात्रि गश्ती सुनिश्चित की जायेगी।



# उपायुक्त ने की अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम मामलों की समीक्षा

## अत्याचार की स्थिति में शीघ्र न्याय और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एवं नियम, 1995 के तहत अत्याचार से राहत राशि के भुगतान से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संज्ञान में आए दो मामलों की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम सहित समिति के सदस्य के रूप में अन्य कई अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का मूल उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एवं किसी भी प्रकार के अत्याचार की स्थिति में शीघ्र न्याय और आर्थिक सहायता सुनिश्चित करना है। उन्होंने दोनों मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए राहत राशि के भुगतान के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। पहले मामले में एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए जाने पर उपायुक्त ने अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप 75% राहत राशि यानी 75,000 का भुगतान संबंधित आवेदक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, दूसरे मामले में केवल एफआईआर दर्ज होने की स्थिति में 25% राहत राशि यानी 25,000 का भुगतान आवेदक को किए जाने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 एवं नियम, 1995 के तहत अत्याचार की स्थिति में पीड़ित को कुल 1 लाख की राहत राशि प्रदान करने का प्रावधान है, जिसमें विभिन्न चरणों मेंचार्जशीट एवं न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार भुगतान किया जाता है।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि उक्त अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले मामलों की नियमित समीक्षा कर पीड़ितों को नियमानुसार सहायता राशि शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर राहत मिल सके।

# मानसून की विदाई के बाद गुलाबी ठंड दे रही दस्तक

## ठंडी हवाएं रात को बना रही सर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धरती की प्यास बुझाकर पूरे 117 दिनों बाद मानसून ने विदाई ले ली। धनबाद में 18 जून से मानसूनी बारिश की शुरूआत हुई थी। जून से सितंबर तक मानसून सीजन में झमाझम बारिश हुई। चारों महीने में से प्रत्येक माह मानसूनी बादल सामान्य से अधिक बरसे। एक अक्टूबर से शुरू हुए पोस्ट मानसून सीजन में भी लौटते मानसून के बादलों ने भारी बारिश कराया। 12 दिनों में सामान्य से 123 प्रतिशत अधिक वर्षा का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। रविवार को मानसून ने धनबाद समेत पूरे झारखंड से विदाई ले ली।

मौसम केंद्र रांची से जारी सूचना में बताया गया कि पूरे झारखंड में मानसून की विदाई की परिस्थिति अनुकूल है। मानसून के जाने से पहले ही गुलाबी ठंड ने अंगड़ाई ले ली है। पहाड़ों पर हिमपात का असर दिखने लगा है। रात के मौसम में ठंडक घुल गई है। दिवाली बाद गर्म कपड़े निकालने पड़ सकते हैं।

मानसून के जानकार डॉ. एसपी यादव का कहना है कि पछुआ हवा का आगमन ही मानसून की विदाई का संकेत है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में ठंडक घुली है। अब दक्षिण की ओर जाने वाले बादल यदा-कदा आकर स्थानीय स्तर पर मजबूत होकर कभी-कभी हल्की बारिश करा सकते हैं।

शहर का मौसम अब सुबह से रात तक अलग-अलग रंग दिखा रहा है। सुबह नवंबर माह जैसी ठंडक है। मध्य नवंबर के बाद से कोहरा छाने जैसी स्थिति अभी से ही बनने लगी है।

भोर में ठंडक का भी एहसास होने लगा है। दिन में मौसम साफ होते ही तेज धूप खिलने से अप्रैल जैसी गर्मी का अनुभव हो रहा है। शाम ढलते ही मौसम में ठंडक घुल रही है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य के गिरिडीह, मधुपुर, धनवार एवं कोडरमा क्षेत्र की जनसुविधा और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए मुकेश कुमार जालान, सदस्य जैडआरयू सीसी ईस्टर्न रेलवे एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, गिरिडीह द्वारा हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस 22303 / 22304 को नए मार्ग – मधुपुर, न्यू गिरिडीह, धनवार एवं कोडरमा होते हुए संचालित किए जाने का प्रस्ताव केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को प्रेषित किया गया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा इस क्षेत्रीय मांग को अत्यंत सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए इसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अग्रसारित किया ताकि इस पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यह प्रस्तावित मार्ग गिरिडीह, मधुपुर, धनबाद एवं कोडरमा जैसे औद्योगिक, सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस नए रूट से गिरिडीह एवं आसपास के जिलों को कोलकाता, गया एवं अन्य प्रमुख नगरों से तीव्र, सुरक्षित एवं सुगम रेल संपर्कता प्राप्त होगी। इस विषय को मुकेश कुमार जालान द्वारा जैडआरयूसीसी ईस्टर्न रेलवे की बैठक में भी आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया गया है, ताकि रेलवे बोर्ड स्तर पर इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के साथ विचारार्थ लिया जा सके। प्रस्तावित मार्ग लागू होने पर क्षेत्र के औद्योगिक विकास, व्यापारिक गतिविधियों, धार्मिक पर्यटन बोधगया तथा सामाजिक-आर्थिक प्रगति को नई दिशा प्राप्त होगी। क्षेत्र की जनभावनाओं को सम्मान देते हुए इस पहल को समर्थन एवं सहयोग प्रदान करने हेतु केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथ ही यह विश्वास व्यक्त किया गया है रेल मंत्री द्वारा इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।



# डीएफओ सहित कर्मियों को लोगों ने बनाया बंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के केवाल दामर गांव में सोमवार को उस वक्त हंगामा मच गया जब ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को बंधक बना लिया। जानकारी के अनुसार, डीएफओ, रेंजर एवं वनरक्षी मंडल डैम के विस्थापितों के पुनर्वास हेतु वन क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य में जुटे थे। इसी दौरान सूचना पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को घेर लिया। ग्रामीणों ने तीनों अधिकारियों को लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलाते हुए रंका थाना क्षेत्र के बलिगढ़ खेल मैदान तक ले जाकर बंधक बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही तीन थाना क्रमशः रंका, रामकंडा और भंडारिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से बातचीत कर समझौता कराया। इसके बाद अधिकारियों को मुक्त कराया गया। ग्रामीण विस्थापन और मुआवजा से संबंधित मुद्दों को लेकर आक्रोशित थे।

## सोने-चांदी ने तोड़े रिकार्ड

झुमरीतिलैया। दीपावली से पहले सरार्फा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को चांदी का भाव अपने अब तक के उच्चतम स्तर 1,78,260 रुपये प्रति किग्रा (जीएसटी सहित) पर पहुंच गया, वहीं 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 1,28,400 रुपये का हो गया। कीमतों में तेजी से ग्राहक फिलहाल संभलकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में सन्नाटा देखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने में अप्रैल से अब तक करीब 28,400 रुपये की बढ़त देखी गई है, जबकि चांदी में मात्र छह महीने में लगभग 60,000 रुपये प्रति किग्रा का उछाल आया है। इस बेतहाशा वृद्धि से निवेशकों के चेहरे पर रौनक लौट आई है, लेकिन आम ग्राहकों की जेब पर असर साफ दिख रहा है।

# जमुआ में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला के आकांक्षी ब्लॉक जमुआ में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ अनिमेष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को योजना के बारे में सूचित करना, उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और कौशल उन्नयन जैसे लाभों के बारे में बताना और उनके पंजीकरण और भागीदारी को सुविधाजनक बनाना है। मौके पर अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक निदेशक, एमएसएमइ, संबंधित विभाग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनिमेष रंजन ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करके पारंपरिक शिल्प की निरंतरता सुनिश्चित करना है ताकि वे न केवल अपने शिल्प को बनाए रख सकें बल्कि उसमें आगे भी बढ़ सकें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पारंपरिक शिल्प का संरक्षण सुप्रशिक्षित व्यक्तियों पर निर्भर करता है जो दुनिया को अपने पैतृक व्यवसायों को जारी रखने की आर्थिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन कर सकें। साथ ही विश्वकर्मा योजना को जनता के लिए सुलभ बनाने में शामिल लोगों के ठोस प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने लाभुकों के बीच पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ी प्रमाण पत्र/पहचान पत्र का भी वितरण किया।



# सोना और बिटकॉइन दोनों भर रहे उड़ान

## ट्रंप 2.0 के दौर में इस डी-डॉलराइजेशन की रफ्तार और बढ़ गई



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सोना और बिटकॉइन दोनों उड़ान भर रहे हैं। इसके पीछे एक वैश्विक वजह है। अमेरिका, जिसे हमेशा से दुनिया की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता था, उसकी नीतियों और उसकी करेंसी (डॉलर) में विश्वास घट रहा है। ट्रंप 2.0 के दौर में इस डी-डॉलराइजेशन की रफ्तार और बढ़ गई है, जिसके चलते दुनिया भर के निवेशक वैकल्पिक संपत्तियों जैसे सोने और क्रिप्टो की ओर रुख कर रहे हैं।

सोने ने समय की कसौटी पर खुद को साबित किया है, इसका इतिहास ईसा पूर्व के जमाने से शुरू होता है। ऐतिहासिक आंकड़े बताते हैं कि शेयर बाजार के मुश्किल दौर में सोना अक्सर स्थिर रिटर्न देता है।

इसकी ताजा रैली की एक बड़ी वजह दुनिया भर की केंद्रीय बैंकों द्वारा अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स से दूरी बनाकर अपने रिजर्व में सोना बढ़ाना है। पहले के जमाने में कुछ देशों में सोने के भंडार के आधार पर ही मुद्रा छापी जाती थी। अब वह संबंध खत्म हो चुका है, लेकिन तथ्य यह है कि केंद्रीय बैंक आज भी अपने भंडार के लिए सोना खरीद रहे हैं, यह इसकी स्थायी वैल्यू और संस्थागत समर्थन को रेखांकित करता है।

यह एक सांस्कृतिक बदलाव का प्रतीक है। इसका भविष्य अभी अनिश्चित है और इसमें जोखिम काफी हैं। अमेरिका में ब्लैकरॉक जैसी बड़ी फंड हाउसों ने बिटकॉइन ईटीएफ लॉन्च किए हैं, जिससे निवेशकों के लिए क्रिप्टो बाजार में प्रवेश करना आसान हो गया है। दोनों के बीच मुख्य अंतर उनके मूलभूत सिद्धांतों में निहित है। सोने की मांग मुख्य रूप से केंद्रीय बैंकों और ज्वैलरी खरीदारों से आती है, और इसके औद्योगिक उपयोग सीमित हैं। सोना कुछ भी उत्पादन नहीं करता, लेकिन सदियों से इसने अपना मूल्य बरकरार रखा है। वहीं बिटकॉइन की कीमत का आंदोलन पूरी तरह से सामूहिक विश्वास पर निर्भर करता है। यह एक माध्यम ऑफ एक्सचेंज है, लेकिन इसे किसी भी देश में लीगल टेंडर का दर्जा नहीं मिला है, सिवाय एक छोटे से देश अल सल्वाडोर के। इसके एडॉप्शन के बढ़ने की संभावना है, लेकिन यह अभी भी एक ऐसी संपत्ति है जिसकी पहचान को लेकर संघर्ष जारी है।

### बिटकॉइन: डिजिटल विश्वास पर टिका एसेट

बिटकॉइन, डिजिटल युग की देन है, जो मुख्य रूप से निजी इनोवेशन और निवेशकों के उत्साह से ऊर्जा पाता है। इसकी रैपिड तेजी असाधारण रही है, लेकिन यह गति इसे अत्यधिक अस्थिर भी बनाती है। सोना एक पोर्टफोलियो डाइवर्सिफायर का काम करता है। ऐतिहासिक डेटा दिखाता है कि पोर्टफोलियो का केवल 5% से 10% हिस्सा भी सोने में लगाने से जोखिम-समायोजित रिटर्न में सुधार हो सकता है। संक्षेप में, सोना पोर्टफोलियो के नतीजों को बेहतर बनाने में मदद करता है।

### निवेशक के लिए सलाह

आपके पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन के लिए सोने में कुछ एक्सपोजर रखना समझदारी है। चूंकि यह एक कोर एसेट नहीं है, इसलिए आवंटन टोटल पोर्टफोलियो के लगभग 5% से 10% तक सीमित रखा जा सकता है। हालांकि सोना अपने ऑल टाइम हाई के आसपास कारोबार कर रहा है, लेकिन यह ध्यान देने योग्य है कि ज्यादातर एसेट क्लासेज अपनी लाइफ साइकिल में कई बार नए शिखर को छूते हैं।

वहीं क्रिप्टो, हाई रिटर्न्स की संभावना के बावजूद, एक हाई रिस्क रास्ता बना हुआ है। ज्यादातर निवेशकों के लिए, इसे टालना ही बेहतर है। हालांकि, अगर आप इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं, तो अपने एक्सपोजर को अपने पोर्टफोलियो के एक छोटे हिस्से (5% से कम) तक सीमित रखें।

### ट्रंप के टैरिफ से चीन के अमेरिका को निर्यात में कमी

**हांगकांग, एजेंसी।** चीन के अमेरिका निर्यात में सितंबर में पिछले साल की तुलना में 27% की गिरावट आई है, जबकि चीन के वैश्विक निर्यात में वृद्धि छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। चीन के कस्टम विभाग की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन का कुल वैश्विक निर्यात इस साल सितंबर में 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 8.3% अधिक है। यह आंकड़ा अर्थशास्त्रियों की उम्मीद से कहीं अधिक था। अगस्त में वैश्विक निर्यात केवल 4.4% बढ़ा था। वहीं, अमेरिका निर्यात लगातार छह महीनों से गिरावट पर है। अगस्त में यह गिरावट 33% तक पहुंच गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण व्यापार का भविष्य अनिश्चित है। दोनों देशों ने आपसी व्यापार पर नए टैरिफ और अन्य जवाबी कदम उठाए हैं, जिससे व्यापारिक स्थिति पर दबाव बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण, जो अमेरिकी कंपनियों को अपने कारखाने अमेरिका में शिफ्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, चीन ने अन्य क्षेत्रों में अपने उत्पादों के लिए नए बाजार खोजने की कोशिश की है।

# अरबपतियों की संपत्ति में सेंध, टॉप-20 में केवल अडानी-अंबानी ही चमके



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी शेयर बाजारों में शुक्रवार को आए तूफान का असर अमेरिकी अरबपतियों के नेटवर्थ पर दिखा। एक झटके में ही फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट समेत दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों के करीब 70 अरब डॉलर डूब गए। इन अरबपतियों में नौ अमेरिका के हैं। सबसे बड़ा झटका एलन मस्क को लगा। टेस्ला के शेयर में 5 फसद से अधिक की गिरावट से उनकी संपत्ति एक ही दिन में 15.8 अरब डॉलर कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलनेनियर इंडेक्स के मुताबिक अब उनकी दौलत 437 अरब डॉलर ही रह गई है।

### टॉप-20 अरबपतियों में केवल अडानी-अंबानी ही चमके

वहीं, दुनिया टॉप-20 अरबपतियों में केवल अंबानी और अडानी की संपत्ति में ही शुक्रवार को बढ़ोतरी देखने को मिली। अडानी की दौलत 630 मिलियन डॉलर बढ़कर 88.8 अरब डॉलर हो गई है। जबकि, अंबानी के नेटवर्थ में 379 अरब डॉलर बढ़े। अब अंबानी की कुल संपत्ति 97.5 अरब डॉलर है।

### ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स

दौलत गंवाने वालों में लैरी पेज भी हैं। इनकी कुल संपत्ति 209 अरब डॉलर है। इन्हें 3.84 अरब डॉलर का झटका लगा है। सर्गी ब्रिन को 3.56 अरब डॉलर की चपत लगी है। इनके पास अब 195 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। बर्नार्ड अर्नाल्ट को 2.99 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। इनकी कुल संपत्ति अब 177 अरब डॉलर है। स्टीव बाल्मर ने 3.65 अरब डॉलर गंवाए हैं। इनका नेटवर्थ अब 176 अरब डॉलर रह गया है। माइकल डेल 5.92 अरब डॉलर गंवाए हैं और इनका नेटवर्थ अब 151 अरब डॉलर है। बता दें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन के साथ ट्रेड वॉर बढ़ाने के बाद शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई। डॉऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 878.82 अंक या 1.90% गिरकर 45,479.60 पर आ गया, जबकि एसएंडपी 500 182.60 अंक या 2.71% फिसलकर 6,552.51 पर आ गया। नैस्डैक कंपोजिट 820.20 अंक या 3.56% की गिरावट के साथ 22,204.43 पर बंद हुआ।

### जेफ बेजोस की संपत्ति 10.2 घटी

वहीं अमेजन के शेयर 4.99% गिरे तो जेफ बेजोस की संपत्ति 10.2 अरब डॉलर घटकर 248 अरब डॉलर रह गई। मेटा के शेयर 3.85 टूटे और इससे मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में शुक्रवार को 9.67 अरब डॉलर की सेंध लग गई। अब इनका नेटवर्थ 248 अरब डॉलर रह गया है। एनवीडिया के शेयर की कीमत 4.91% गिर गई तो जेनसेंग हुआंग 8.07 अरब डॉलर गंवा बैठे। अब इनके पास 159 अरब डॉलर की संपत्ति है। इनके अलावा ओरेकल के शेयर टूटे तो लैरी एलिसन को 5.17 अरब डॉलर का झटका लगा। इनकी कुल संपत्ति अब 351 अरब डॉलर है, जिसमें 159 अरब डॉलर इसी साल बढ़े हैं।

### धनतेरस तक 130000 रुपये तक जा सकता है सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में जारी रैली थमने का नाम नहीं ले रही है। सोने के दाम इस साल अब तक करीब 50 पर्सेंट उछल गए हैं। वहीं, अगर साल 2022 से देखें तो गोल्ड प्राइसेज में 140 पर्सेंट की जोरदार तेजी आई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि वैश्विक स्तर पर चल रहे मौजूदा आर्थिक बदलाव और मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदें गोल्ड प्राइसेज में मोमेंटम बनाए हुए हैं और इस धनतेरस सोने के दाम रिकॉर्ड हाई पर पहुंच सकते हैं। यह बात मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट में कही गई है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट में एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की हेड वंदना भारती ने कहा है, सेंट्रल बैंक और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी से कीमतों में तेजी देखने को मिलेगी। उनका मानना है कि इस धनतेरस सोने की कीमतें 1,20,000 से 1,30,000 प्रति दस ग्राम के बीच रह सकती हैं। उन्होंने कहा है कि साल 2026 की शुरुआत में सोने के दाम 1,50,000 रुपये तक जा सकते हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट के लिए गोल्ड प्राइसेज इस हफ्ते पहले ही 1,22,284 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं, यह वैश्विक और घरेलू कारकों के मिक्स को दर्शाता है। इसके अलावा, दुनिया भर के सेंट्रल बैंक गोल्ड खरीदने में जुटे हुए हैं। दुनिया भर के देश अपने रिजर्व को डायवर्सिफाई कर रहे हैं, इससे गोल्ड का ऑफिशियल खरीदारी कई दशक के हाई पर जा पहुंची है। इस बीच, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में भी अच्छा इनफ्लो देखने को मिल रहा है, क्योंकि इक्विटी मार्केट्स और बॉन्ड यील्ड्स में उतार-चढ़ाव के बीच इनवेस्टर्स सुरक्षित माध्यम पर दांव लगा रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, सितंबर 2025 में इंडियन गोल्ड ईटीएफ में 902 मिलियन डॉलर का इनफ्लो हुआ।

### डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली

बैतूल, एजेंसी। नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक, मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा।

## टाटा ट्रस्ट में चल रहे 'झगड़े' के बीच एन चंद्रशेखरन के

# तीसरे कार्यकाल को मिली मंजूरी!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप के नियमों को दरकिनार करते हुए एन चंद्रशेखरन को टाटा ट्रस्ट ने तीसरे कार्यकाल देने की मंजूरी दे दी है। 65 साल की उम्र बीत जाने के बाद भी चेयरमैन टाटा संस के चेयरमैन बने रहेंगें। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बता दें, टाटा ग्रुप इस समय ईवी, डिफेंस, एयर इंडिया के बिजनेस को तेजी के साथ आगे बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है, जिसको देखते हुए एन चंद्रशेखरन को फिर से जिम्मेदारी मिली है।

चंद्रशेखरन अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति के वक्त 65 वर्ष के हो जाएंगे। टाटा ग्रुप के नियमों के अनुसार एग्जीक्यूटिव को 65 वर्ष की उम्र में रिटायर होना होता है। वहीं, नॉन एग्जीक्यूटिव अपने पद पर 70 साल की उम्र तक बन रह सकते हैं। एन चंद्रशेखर के तीसरे कार्यकाल से जुड़ी जानकारी ऐसे समय में है जब टाटा ट्रस्ट में गहरी दरार पड़ती नजर आ रही है।

### क्या कहते हैं नियम?

नियमों के अनुसार नए कार्यकाल की मंजूरी पुराने के समाप्त होने से एक साल पहले मिलनी चाहिए। यह पहली बार होगा जब ग्रुप के एग्जीक्यूटिव पद पर कोई व्यक्ति 65 साल की उम्र के बाद भी बना सक्रिय तौर पर बना रहेगा। इस समय टाटा ट्रस्ट में विवाद की खबरें सामने आ रही है। जहां एक तरफ टाटा ट्रस्ट के कई ट्रस्टी प्राइवेट रहना चाहते हैं। तो वहीं, कई ट्रस्टी आईपीओ लाने चाहते हैं। ऐसे समय में एन चंद्रशेखरन को सेवा विस्तार मिलना काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। एन चंद्रशेखरन के कार्यकाल में टाटा ग्रुप का रेवन्यू दोगुना और प्रॉफिट तिगुना बढ़ गया। वित्त वर्ष 2025 में टाटा ग्रुप की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों का रेवन्यू 15.34 लाख करोड़ रुपये रहा है। टाटा ग्रुप मार्केट कैप 6.9 लाख करोड़ रुपये घटकर 26.50 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

### 11 सितंबर को हो गया था फैसला

इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति के अनुसार सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए बैटरी, एयर इंडिया जैसे बिजनेस के लिए यह विस्तार जरूरी था। टाटा ट्रस्ट के प्रस्ताव को टाटा संस के पास भेज दिया है। जहां उनके कार्यकाल पर अंतिम मुहर लगेगी। बता दें, टाटा संस में टाटा ट्रस्ट की भागीदारी 66 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार नोएल टाटा और वेणु श्रीनिवासन ने 11 सितंबर को टाटा ट्रस्ट की मीटिंग में एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल का प्रस्ताव रखा था।

### 330 पर लिस्ट हुआ टाटा कैपिटल का आईपीओ, निवेशकों को लगा झटका

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा कैपिटल की शेयर बाजार में सधी शुरुआत हुई है। बीएसई में यह स्टॉक 1.23 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 330 रुपये पर लिस्ट हुआ है। वहीं, एनएसई में भी टाटा कैपिटल के शेयरों में लिस्टिंग के वक्त तेजी देखने को मिली है। हस्थ में टाटा कैपिटल का आईपीओ 1.23 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 330 रुपये पर लिस्ट हुआ है। बता दें, टाटा कैपिटल के आईपीओ का प्राइस बैंड 310 रुपये से 326 रुपये प्रति शेयर तय किया था। कंपनी ने 46 शेयरों का एक लॉट बनाया था। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14996 रुपये का दांव लगाना पड़ा था। इस हिसाब से योग्य निवेशकों को एक लॉट पर 184 रुपये का फायदा हुआ है। ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ जीरो रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। जिससे मजबूत लिस्टिंग की उम्मीद कम ही हो गई थी। आज घरेलू बाजार भी संघर्ष कर रहा है। इसका भी नकारात्मक प्रभाव कंपनी की लिस्टिंग पर दिखा है। टाटा कैपिटल आईपीओ 1.96 गुना सब्सक्राइब किया गया था। रिटेल कैटगरी में कंपनी का आईपीओ 1.10 गुना, क्यूआईबी सेक्शन में 3.42 गुना और एनआईआई में 1.98 गुना सब्सक्राइब किया गया था। टाटा कैपिटल का आईपीओ 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 तक रिटेल निवेशकों के लिए खुला था। टाटा कैपिटल का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 3 अक्टूबर को ओपन हुआ था। एंकर निवेशकों से कंपनी ने 4641.83 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# छप्परफाड़ रिटर्न देने वाला स्टॉक 5 प्रतिशत चढ़ा, 6 महीने में पैसा हुआ डबल

### 50 रुपये से कम की कीमत वाले स्मॉल कैप स्टॉक में आज अपर सर्किट लगा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ मार्केट में गिरावट की वजह से खलबली मची हुई है। तो वहीं दूसरी तरफ 50 रुपये से कम की कीमत वाले स्मॉल कैप स्टॉक में आज अपर सर्किट लगा है। 5 प्रतिशत की उछाल के बाद स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स का स्टॉक बीएसई में आज सोमवार को 38.69 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार यह स्मॉल कैप 36.85 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

कंपनी की वित्तीय स्थिति कैसी?

वित्त वर्ष 2025 में इस कंपनी ने 105.27 करोड़ रुपये का रेवन्यू (ऑपरेशन्स) से बनाया था। इस दौरान कंपनी का प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 5.65 करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी को 5.55 लाख रुपये का घाटा हुआ था। इस हिसाब से बीता वित्त वर्ष कंपनी के लिए अच्छा साबित हुआ है।

**इसी साल हुआ है कंपनी के शेयरों का बंटवारा:** मार्च के महीने में कंपनी के शेयरों का बंटवारा हुआ था। तब कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये हो गई थी।

### कैसा रहा है शेयरों के प्रदर्शन का ट्रेंड?

यह मल्टीबैगर स्टॉक बीते एक महीने में 7 प्रतिशत गिर चुका है। इससे पहले सितंबर के महीने में स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सितंबर से पहले लगातार 6 महीने में कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली थी। हालिया गिरावट के बाद भी स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स के शेयरों में बीते 6 महीने के दौरान 276 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 676 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कंपनी का 52 वीक हाई 50.94 रुपये और 52 वीक लो 4.83 रुपये है। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स का मार्केट कैप 2697 करोड़ रुपये है। बता दें, 5 साल में स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स के शेयरों की कीमतों में 3105 प्रतिशत की तेजी आई थी।

# दोगुना से ज्यादा बढ़ा सोलर कंपनी का मुनाफा, कमजोर बाजार में रॉकेट बना शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सोलर पावर बिजनेस से जुड़ी कंपनी वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज के शेयर सोमवार को कमजोर बाजार में भी 13 पर्सेंट से अधिक उछलकर 1287.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। स्मॉलकैप कंपनी के शेयरों में यह उछाल सितंबर 2025 तिमाही के शानदार नतीजों के बाद आया है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। वारी रिन्यूएबल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1830 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 732.05 रुपये है। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सितंबर 2025 तिमाही में दोगुना से ज्यादा बढ़कर 116.34 करोड़ रुपये रहा है। हायर रेवेन्यू की वजह से कंपनी के मुनाफे में यह उछाल आया है। एक साल पहले की समान अवधि में वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 53.51 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सोलर कंपनी का रेवेन्यू 774.78 करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 524.47 करोड़ रुपये था। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज के रेवेन्यू में 47.73 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज के शेयर पिछले पांच साल में 7000 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। सोलर पावर बिजनेस से जुड़ी कंपनी के शेयर 16 अक्टूबर 2020 को 17.50 रुपये पर थे। वारी रिन्यूएबल के शेयर 13 अक्टूबर 2025 को 1287.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं।



# एटीएम से कब निकाल पाएंगे पीएफ के रूपये

### आज ईपीएफओ बोर्ड की बैठक में मिलेगा जवाब




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अगले वर्ष की शुरुआत से अपने सदस्यों को एटीएम के जरिए अंशदान निकासी की सुविधा देने जा रहा है। इस सुविधा को शुरू करने के लिए मौजूदा सिस्टम को अपग्रेड कर नया आईटी सिस्टम 3.0 लाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। सोमवार यानी आज होने वाली ईपीएफओ से केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में इसे मंजूरी मिल सकती है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय चाहता है कि जनवरी 2026 से ईपीएफओ में यह सुविधा अनिवार्य तौर पर लागू हो जाए। इसके चलते केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में 3.0 सिस्टम को लागू कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपग्रेड का उद्देश्य ईपीएफओ की डिजिटल सेवाओं को सरल और आधुनिक बनाना है, जिससे करीब आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों के लिए निकासी, फंड स्थानांतरण और दावों निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं तेज होगी। साथ ही, ईपीएफओ की अन्य सेवाओं को भी सदस्यों की जरूरतों के अनुकूल बनाया जाएगा।

**बैठक में अन्य मुद्दों पर भी होगी चर्चा:** चर्चा है कि बैठक में 11 वर्ष के बाद न्यूनतम पेंशन को बढ़ाने का फैसला लिया जा सकता है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि अभी तक पेंशन बढ़ोतरी का मुद्दा बैठक से जुड़े एजेंडे में शामिल नहीं है। क्योंकि, सरकार सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर अलग से यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें सदस्य अपनी इच्छा के हिसाब से योगदान करके पेंशन को बढ़ा सकते हैं। न्यूनतम पेंशन बढ़ाने को लेकर कोई फैसला लिया जाए।

### बैंकिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी

ध्यान रहे कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय बीते वर्ष से ईपीएफओ 3.0 पर काम कर रहा है, जिस अब तक लागू किया जाना था, लेकिन कई तकनीकी कारणों के चलते काम में देरी हुई। ऐसे में अब मंत्रालय चाहता है कि काम तय समय सीमा के अंदर पूरा हो। नया सिस्टम लागू होने के बाद ईपीएफओ बैंकिंग सिस्टम की तर्ज पर काम करने लगेगा। आपात स्थिति में आवश्यकता होने पर सदस्य एक निर्धारित धनराशि की निकासी कर पाएंगे। इसके जरिए ईपीएफओ ऐप के जरिए भी सदस्यों को बैंकिंग जैसी सेवाएं प्रदान करेगा।



# मडगांव एक्सप्रेस से पूरी हुई कुणाल खेमू की बचपन की ख्वाहिश

बॉलीवुड एक्टर कुणाल खेमू को हाल ही में उनकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का अवॉर्ड मिला। पुरस्कार के साथ कुणाल ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने खास पल शेयर किए और साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा। कुणाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में कुणाल ब्लैक लेडी यानी फिल्मफेयर ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। इस खुशी को जाहिर करते हुए कुणाल ने कैप्शन में लिखा, फिल्मफेयर जीतने का मेरा बचपन का सपना सच हुआ। यह ट्रॉफी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी।

## कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस की टीम का किया शुक्रिया

कुणाल ने अपनी मडगांव एक्सप्रेस की पूरी टीम को धन्यवाद दिया, जिसमें निर्माता, अभिनेता और क्रू शामिल हैं। कुणाल ने दर्शकों का भी आभार जताया जिन्होंने फिल्म को प्यार दिया। कुणाल ने लिखा, हर उस व्यक्ति को धन्यवाद जिसने फिल्म देखी और इसे प्यार दिया। मेरे परिवार का भी शुक्रिया जो हमेशा मेरे साथ है। मैं वादा करता हूं कि मैं अपना काम पूरी मेहनत से करता रहूंगा।

## सेलेब्स ने कुणाल को दी बधाई

कुणाल की इस जीत पर कई सेलेब्स ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। साकिब सलीम ने लिखा, चलो चलें, करीना कपूर खान ने लिखा, कुणाल ने इसे सबसे योग्य तरीके से कर दिखाया, उन्नी मुकुंदन ने लिखा, बहुत बहुत बधाई, नेहा धूपिया ने लिखा, बधाई हो कुणाल, बहुत ही अच्छी तरह, नील नितिन मुकेश और कृतिका कामरा ने लिखा, बधाई हो, दिशा पाटनी ने हार्ट इमोजी बनाया, एक्टर दिव्येंदु ने लिखा, आनंद तो हो रहा है, सुपर बधाई भाई, सबा पटौदी ने लिखा, बहुत अच्छी तरह से योग्य, तुम पर बहुत गर्व है भाई।

## मडगांव एक्सप्रेस के बारे में

मडगांव एक्सप्रेस एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, जो तीन बचपन के दोस्तों की गोवा सफर की कहानी बताती है, जो कई मुश्किलों के कारण अराजकता में बदल जाती है। यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को रिलीज हुई थी और इसे आलोचकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



# अब दिल्ली की सत्ता में भूकंप लाएगी हुमा कुरैशी

## महारानी के चौथे सीजन का ट्रेलर रिलीज

ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर आने वाली बहुचर्चित सीरीज 'महारानी' के चौथे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने इसके चौथे सीजन की घोषणा कुछ समय पहले की थी। अब इसका ट्रेलर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बार कहानी बिहार की सीमाओं को पार कर सीधे दिल्ली की सियासत में दस्तक दे रही है। सीरीज की नायिका हुमा कुरैशी, यानी रानी भारती, अब बिहार की नहीं बल्कि देश की राजनीति को हिला देने की तैयारी में हैं। ट्रेलर में रानी कहती हैं- अगर आपने हमारे दुश्मन से हाथ मिलाया तो सिंहासन खींच लेंगे आपका।

### मेकर्स ने जारी किया ट्रेलर

ट्रेलर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- शेरनी लौटी है अपने घर की रक्षा करने! रानी तैयार है अपनी अब तक की सबसे बड़ी जंग के लिए। महारानी की स्ट्रीमिंग शुरू होगी 7 नवंबर से।

### सीरीज की स्टारकास्ट

निर्देशक सुभाष कपूर ने इस बार भी सीरीज को अपने खास व्यंग्य और तीखे संवादों से भर दिया है। सीरीज में हुमा कुरैशी के साथ अमित सियाल, कनी कुसरुती, विपिन शर्मा, विनीत कुमार और प्रमोद पाठक जैसे अनुभवी कलाकार दिखाई देंगे। इन सभी ने अपने-अपने किरदारों से कहानी को और भी मजबूत बनाया है। खासतौर पर अमित सियाल का राजनीतिक प्रतिद्वंदी के रूप में अभिनय सीरीज की रीढ़ साबित हो रहा है।

### इस सीजन की कहानी

पिछले सीजन तक रानी भारती बिहार की मुख्यमंत्री बन चुकी थीं, लेकिन अब कहानी वहां से आगे बढ़ती है। दिल्ली की सत्ता में एंट्री के साथ सीरीज और भी अधिक रोमांचक हो गई है। ट्रेलर में संसद की झलक, सत्ता के सौदे और राजनीतिक गठजोड़ों का खेल साफ तौर पर नजर आ रहा है।



# दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट हुई फाइनल, रकुल प्रीत सिंह ने की घोषणा

फिल्म दे दे प्यार दे ने साल 2019 में लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। यह एक ऐसी कहानी थी जिसमें उम्र के फासले और प्यार की ताकत को खूबसूरती से दिखाया गया था। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। वहीं तब्बू ने भी अपनी भूमिका से फिल्म में चार चांद लगाए। अब, इस लोकप्रिय फिल्म का दूसरा पार्ट, यानी दे दे प्यार दे 2, जल्दी ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाला है। इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा खुद रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास मोशन पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, प्यार का सीक्वल है क्रूशियल। क्या आशीष को मिलेगा आयशा के पेरेंट्स का अप्रूवल? दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है और इसमें दिखाया जाएगा कि आशीष, जो कि अजय देवगन के किरदार का नाम है, कैसे आयशा के माता-पिता को अपने रिश्ते के लिए मनाने की कोशिश करता है। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने पर फैंस में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। लोग बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं और जानने के लिए उत्साहित हैं कि इस बार फिल्म में कौन-कौन से नए चेहरे होंगे और कहानी में क्या नया ट्विस्ट देखने को मिलेगा। बता दें कि दे दे प्यार दे 2 में तब्बू नजर नहीं आएंगी, जिन्होंने पहली फिल्म में अहम किरदार निभाया था। हालांकि, फिल्म में कई नए कलाकार जुड़ गए हैं। आर माधवन, गौतमी कपूर, मीजान जाफरी, जावेद जाफरी, और इशिता दत्ता जैसे कलाकार इस बार फिल्म का हिस्सा हैं। खासतौर पर आर माधवन की एंट्री फैंस के लिए खुशी की बात है क्योंकि वह आयशा के पिता का रोल निभाते नजर आएंगे।




# दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड के वर्क कल्चर की सच्चाई की जगजाहिर

दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में आठ घंटे काम करने की शर्त रखी। वह अपनी बेटी की परवरिश में अधिक समय देना चाहती थी। इस वजह से उन्हें फिल्म 'स्पिरिट' से हटा दिया गया। लेकिन दीपिका अब भी इस मुद्दे पर खुलकर बोल रही हैं। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने 8 घंटे काम करने की शर्त को जायज बताया। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के वर्किंग कल्चर को लेकर भी सवाल उठाए।

हम बहुत डिसऑर्गेनाइज इंडस्ट्री हैं दीपिका ने कहा, 'मैं इस बात को लेकर मुखर रही हूं कि इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव लेकर आऊं। क्योंकि यह बहुत ही क्रूर है। हमारी एक आदत है कि ये तो चलता है। लेकिन मैं उनमें से हूं, जो चाहती है कि चीजें बेहतर हों। अगर हम खुद को एक इंडस्ट्री कहते हैं लेकिन एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं करते हैं। हम बहुत डिसऑर्गेनाइज इंडस्ट्री हैं। अब समय आ गया है कि हम एक सिस्टम बनाए, एक बेहतर वर्किंग कल्चर बनाएं। इसी इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा कि वह किसी का नाम लेकर बखेड़ा नहीं करना चाहती हैं। लेकिन कई मेल एक्टर्स बॉलीवुड में हैं, जो कई साल से सिर्फ 8 घंटे ही काम करते हैं। यहां तक कि वीकएंड पर तो काम करते ही नहीं है। इन बातों को उठाकर दीपिका फीमेल एक्ट्रेस के लिए भी एक बेहतर वर्किंग कल्चर फिल्म इंडस्ट्री में बनाना चाहती हैं।

# 'जिगरा' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिलने पर इमोशनल हुईं आलिया भट्ट



फिल्म 'जिगरा' आलिया भट्ट के दिल के बहुत करीब है, यह उनकी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म में आलिया का उम्दा अभिनय और एक्शन दर्शकों ने देखा। शनिवार को फिल्म 'जिगरा' के लिए ही आलिया भट्ट को फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वह अवॉर्ड फंक्शन में शामिल नहीं हो पाईं। लेकिन आज आलिया ने एक स्पेशल पोस्ट इस अवॉर्ड और फिल्म 'जिगरा' की टीम के लिए की है।

## आलिया ने सबका शुक्रिया अदा किया

आलिया भट्ट अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'फिल्म 'जिगरा' मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। सिर्फ उस कहानी के लिए नहीं, जो हमने सुनाई बल्कि उन बेहतरीन लोगों के लिए, जिन्होंने इसे यादगार बनाया। फिल्म के निर्देशक वसन बाला आपने इसे जिस तरह से बनाया है, उसके लिए शुक्रिया। एक्टर वेदांग रैना और बाकी टीम ने जो ईमानदारी दिखाई, उसके लिए शुक्रिया। इस सम्मान के लिए फिल्मफेयर का का बहुत-बहुत शुक्रिया। काश मैं उस पल को खुद महसूस कर पाती, लेकिन मेरा दिल इस वक्त भरा हुआ है।' आलिया भट्ट ने करण जौहर और धर्मामूवीज का भी शुक्रिया अदा किया। वह आगे पोस्ट में लिखती हैं, 'मैं असल जिंदगी की 'जिगरा' शाहीन भट्ट (बहन) की शुक्रगुजार रहूंगी। उसने हमेशा मुझे धैर्य बनाए रखने को कहा।'





# कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन के लिए जीती अपनी पहली फ़िल्म फ़ेयर बेस्ट एक्टर ट्रॉफी

कार्तिक आर्यन, भारतीय सिनेमा के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद सितारों में से एक हैं और हाल ही में उन्होंने अब आधिकारिक रूप से फ़िल्मफ़ेयर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है! सुपरस्टार ने कबीर ख़ान निर्देशित फ़िल्म चंदू चैंपियन में अपने दमदार और रूपांतरकारी प्रदर्शन के लिए अपना पहला फ़िल्मफ़ेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। यह पल किसी जादू से कम नहीं था, लेकिन सच पूछिए तो उनके लिए यह सालों की मेहनत, अनुशासन और अटूट विश्वास का परिणाम था। चंदू चैंपियन में कार्तिक ने सिर्फ़ एक किरदार नहीं निभाया, बल्कि भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की कहानी को जिया और उनकी हर शारीरिक और भावनात्मक सीमा को पार करते हुए इस किरदार को सच्चाई के साथ पर्दे पर उतारा। सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएँ साझा करते हुए कार्तिक ने लिखा, चैंपियन गिरता हैज पर रुकता नहीं। कुछ पल सपने जैसे लगते हैंज और यह उनमें से एक था। मेरा पहला फ़िल्मफ़ेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड चंदू चैंपियन के लिए। टीवी पर सिर्फ़ 'ब्लैक लेडी' को देखा करता था, और आज उसे हाथों में थामना... यह उन सब सपने देखने वालों के लिए है जो कभी हार नहीं मानते।

कार्तिक ने अपने निर्देशक कबीर ख़ान के प्रति भी गहरी कृतज्ञता जताई, उन्हें सच्चाई, भावना और ताकत से भरे फ़िल्ममेकर बताते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ़ निर्देशन नहीं किया, बल्कि उन्हें एक कलाकार के रूप में बदल दिया। उन्होंने निर्माताओं साजिद नाडियाडवाला और वर्धा ख़ान नाडियाडवाला को भी उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही सुदीप चटर्जी को हर फ़्रेम में भावना भरने के लिए और प्रीतम को फ़िल्म में आत्मिक संगीत देने के लिए शुक्रिया कहा। सबसे भावुक पल तब आया जब कार्तिक ने यह अवॉर्ड वास्तविक हीरो मुरलीकांत पेटकर जी को समर्पित किया, जिनकी प्रेरणादायक यात्रा आज भी लाखों लोगों को आगे बढ़ने की ताकत देती है। चंदू चैंपियन में कार्तिक ने एक ऐसा रूप दिखाया, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा था और यह रूप था कोमल लेकिन जज़्बे से भरा, भावनात्मक लेकिन अडिग।

इस फ़िल्म ने उनके करियर में एक मील का पत्थर जोड़ा और यह साबित किया कि वे न केवल एक स्टार हैं, बल्कि एक ऐसे कलाकार हैं जो दर्शकों के दिलों तक पहुँचना जानते हैं। जब कार्तिक ने हाथों में प्रतिष्ठित 'ब्लैक लेडी' थामी, वह सिर्फ़ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि मेहनत, जुनून और पूरे हुए सपनों का प्रतीक थी। इस ऐतिहासिक जीत के साथ, कार्तिक आर्यन ने यह साबित कर दिया है कि वे अपनी पीढ़ी के सबसे प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं। साथ ही वे उन तमाम सपने देखने वालों के लिए प्रेरणा हैं, जो असंभव को संभव करने का हौसला रखते हैं। फिलहाल वे जल्द ही करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली रोमांटिक कॉमेडी तू मेरा मैं तेरी, मैं तेरा तू मेरी में नज़र आएंगे। इसके अलावा, उनकी आनेवाली फिल्मों में अनुराग बसु की एक अनटाइटल्ड लव स्टोरी और बहुप्रतीक्षित फ़िल्म नागज़िला भी शामिल है।



# जोशना चिनप्पा ने जापान ओपन का खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की चोटी की स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 117वें स्थान पर काबिज चिनप्पा ने सेमीफाइनल में मिस्र की चौथी वरीयता प्राप्त राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से हराया था। इस बीच मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह रविवार को रेडवुड सिटी (अमेरिका) में चल रहे 130,500 डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड इवेंट सिलिकॉन वैली ओपन के राउंड ऑफ 16 के मैच में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के विक्टर क्रूइन से 4-11, 2-11, 1-11 से हार गए।

**पाक वर्सेस साउथ अफ्रीका**

# सलमान, रिजवान, इमाम, शान के अर्धशतक पाकिस्तान ने बनाए 378 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने पहली पारी में 378 रन का अच्छा स्कोर बनाया और मेजबान को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के 4 बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा।



सलमान, रिजवान, इमाम और शान के अर्धशतक पाकिस्तान की तरफ से टीम के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने 140 गेंदों पर 2 छक्के और 2 चौकों के साथ 75 रन की पारी खेली जबकि सातवें नंबर पर बैटिंग करने आए सलमान आगा ने 145 गेंदों पर 3 छक्के और 5 चौकों के साथ शानदार 93 रन बनाए। सलमान अपने शतक से सिर्फ 7 रन से चूक गए, लेकिन उन्होंने आखिरी समय पर टीम के लिए अच्छा योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम के कप्तान शाम मसूद ने भी अच्छी पारी खेली और उन्होंने 76 रन बनाए जबकि इमाम उल हक ने भी 93 रन की पारी खेली। कमाल की बात ये रही कि पहली पारी में इमाम और सलमान दोनों 93-93 रन पर आउट हुए यानी दोनों नर्वस नाइनटीज का शिकार बन गए। साउथ अफ्रीका के लिए पहली पारी में सेनुरन मुथुसामी ने गजब की गेंदबाजी का और उन्होंने 6 विकेट चटकाए। बाबर आजम पहली पारी में नहीं चल पाए और उन्होंने टीम के लिए सिर्फ 23 रन का योगदान दिया।

**इंडिया-वेस्टइंडीज टेस्ट**

# साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट सिराज के नाम, बने नंबर 1

● **जिम्बाब्वे का यह बॉलर रह गया पीछे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस साल मैदान पर धूम मचा रहे हैं और वो अब साल 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी बन गए। सिराज ने इस मामले में जिम्बाब्वे के गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबनी को पीछे छोड़ दिया। मोहम्मद सिराज ने ये उपलब्धि वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी के दौरान हासिल किया। सिराज ने शाई होप को आउट किया और वो इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए।

**ब्लेसिंग मुजरबनी से आगे निकले मोहम्मद सिराज-** दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने खबर लिखे जाने तक दोनों पारियों को मिलाकर कुल 3 विकेट लिए थे। इन 3 विकेट की मदद से वो साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले बॉलर बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पीछे छोड़ा जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट लिए हैं।

साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उनकी बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबनी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी उन्होंने किया।




**एक कैलेंडर ईयर में सिराज द्वारा टेस्ट में लिया गया विकेट**

- 2025 में 37 विकेट (15 पारी)
- 2024 में 35 विकेट (25 पारी)
- 2021 में 31 विकेट (19 पारी)
- 2023 में 15 विकेट (11 पारी)
- 2022 में 10 विकेट (8 पारी)
- 2020 में 5 विकेट (2 पारी)

# विराट कोहली आईपीएल 2026 में आरसीबी का साथ छोड़ देंगे?

**आकाश चोपड़ा ने समझाया पूरा समीकरण**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के आईपीएल करियर को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं. कोहली आईपीएल के पहले सीजन से ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का हिस्सा रहे हैं. आईपीएल 2026 से पहले चर्चा जोरों पर है की विराट कोहली आरसीबी का साथ छोड़ देंगे. कोहली ने पिछले सीजन में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, जिससे 18 साल का इंतजार खत्म हुआ था. हालांकि, यह माना जा रहा है कि 36 वर्षीय खिलाड़ी ने नए सीजन से पहले फ्रेंचाइज़ी के साथ एक वाणिज्यिक अनुबंध को ठुकरा दिया था.

## क्या आरसीबी का साथ छोड़ेंगे कोहली

कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आरसीबी प्रशंसकों को आश्वासन दिया कि उनका स्टार खिलाड़ी टीम नहीं छोड़ेगा. विराट ने अपना पूरा करियर आरसीबी के साथ बिताया है और वह इस फ्रेंचाइज़ी के पर्याय बन चुके हैं. पूर्व भारतीय कप्तान ने अक्सर यह इच्छा जताई है कि वह अपना करियर बेंगलुरु आधारित टीम के साथ ही समाप्त करना चाहते हैं. आकाश चोपड़ा ने कहा, उन्होंने कथित तौर पर एक वाणिज्यिक अनुबंध को ठुकराया है, लेकिन इसका क्या मतलब है? वह निश्चित रूप से आरसीबी के लिए खेलेंगे. अगर वह खेल रहे हैं, तो वह निश्चित रूप से इसी फ्रेंचाइज़ी के लिए मैदान में उतरेंगे. आकाश चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने अभी-अभी ट्रॉफी जीती है.

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी बिहार रणजी टीम के उपकप्तान:शुरुआती दो राउंड के लिए टीम का ऐलान

**सकीबुल गनी कप्तानी करेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी को 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के लिए बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम की कप्तानी बल्लेबाज सकीबुल गनी करेंगे।




अगले साल की शुरुआत में अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वैभव का पूरे सीजन खेलना मुश्किल है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दो राउंड के लिए टीम जारी की है। बिहार 15 अक्टूबर को अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को उसका सामना मणिपुर से होगा।

**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में जड़े शतक-** 14 साल के वैभव ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़े हैं। वैभव ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए ब्रिस्बेन में पहले यूथ टेस्ट में 78 गेंदों पर शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया में हुई मल्टी-डे सीरीज में वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यूथ वनडे में तीन मैचों में 124 रन बनाए। इसमें एक 68 गेंदों में 70 रन की पारी भी शामिल थी। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ 5 यूथ वनडे मैचों में उन्होंने 174.02 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए थे।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी और मोड्रिच की अधूरी कहानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील के दो बार के विश्व कप विजेता डिफेंडर निल्टन सैंटोस की शक्ल किसी फिल्म स्टार जैसी थी- लंबे, चौड़े कंधे, नुकीली मूंछें और अटूट आत्मविश्वास। उन्होंने फुल-बैक की परंपरागत भूमिका को नया आयाम दिया था, लेकिन वह इसलिए ज्यादा याद किए जाते हैं क्योंकि उन्होंने टीम के कुछ साथियों के साथ कोच विसेंटे फिओला के कमरे में जाकर एक झेंपे हुए से, टेढ़े पैरों वाले विंगर गैरिंचा को टीम में शामिल करने की मांग की थी। नतीजा- गैरिंचा को मौका मिला और कुछ ही हफ्तों बाद ब्राजील ने 1958 में अपना पहला विश्व कप जीत लिया। चार साल बाद जब ब्राजील ने अपना खिताब बचाया, तब सैंटोस टीम के फिर स्तंभ बने रहे। उस वक्त उनकी उम्र 38 साल के करीब थी। आज भी वह सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व कप ट्रॉफी उठाई। अब मौजूदा दौर के तीन दिग्गज- क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी और लुका मोड्रिच- इस रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर देख सकते हैं। शायद सैंटोस का नाम उनके जेहन में न हो, लेकिन आंकड़ों के दीवाने रोनाल्डो को जरूर पता होगा।

## लियोनेल मेसी: सब जीत चुके, लेकिन दोबारा की चाहत




दूसरी तरफ क्रिस्टियानो रोनाल्डो के परम प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी हैं। लियोनेल मेसी ने अपने फैंस का दिल तोड़ दिया जब कहा कि वह अब किसी अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली में नहीं खेलेंगे। लियोनेल मेसी ने कहा, 'जब मैं अच्छा महसूस करता हूं, तो मैदान पर रहकर मजा आता है। जब नहीं, तो पीड़ा होती है और मैं खुद से ईमानदार रहना चाहता हूं।' लियोनेल मेसी विश्व कप जीतने का अपना सपना जी चुके हैं, लेकिन दोबारा उसका स्वाद चखने की चाह अब भी बाकी है। पूरी दुनिया, खासकर अमेरिका, चाहेगा कि वह 2026 में उतरें, क्योंकि उनके आने से टूर्नामेंट को अभूतपूर्व चमक मिलेगी।

**लुका मोड्रिच : थकान से परे, समय से आगे-** क्रोएशिया की बात करें, तो लुका मोड्रिच की मिडफील्ड में इतनी गहराई नहीं जितनी अर्जेंटीना या पुर्तगाल की, लेकिन वह अब भी टीम की आत्मा हैं। यूरो 2024 और रियल मैड्रिड से लुका मोड्रिच की विदाई के बाद उनकी रिटायरमेंट की बातें तेज हुई थीं, लेकिन उन्होंने साफ कहा, 'मेरा लक्ष्य अगला विश्व कप खेलना है, लेकिन पहले हमें क्वालिफाई करना होगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो: अधूरी विरासत का बोझ

रोनाल्डो को नंबरों से लगाव किसी जुनून से कम नहीं। रिपोर्टर की जरा-सी गलती भी वह सुधार देते हैं। सऊदी प्रो लीग में किसी गोल को बारीक ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिया जाए तो रेफरी से भिड़ पड़ते हैं। जब आयरलैंड के गोलकीपर ने उनके 950वें गोल को बचा लिया तो उन्होंने गुस्से में जमीन पर पैर मारा था।

# जिद ने दिलाया खिताब

**कोको गॉफ ने पेगुला को हराकर जीता वुहान ओपन फाइनल**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने रविवार को अपने हमवतन जेसिका पेगुला को 6-4, 7-5 से हराकर वुहान ओपन 2025 का खिताब अपने नाम किया। 21 वर्षीय गॉफ ने इस टूर्नामेंट में बिना एक भी सेट गंवाए खिताब जीता और ओपन एरा में ऐसी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने अपने शुरुआती 9 हार्ड कोर्ट फाइनल लगातार जीते। गॉफ ने मैच के बाद बताया कि उनकी ज़िद ने उन्हें जीत दिलाई,मेरे कोच चाहते थे कि मैं यूएस ओपन के बाद आराम करूं, लेकिन मैं जिद्दी हूं और मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया! कोको ने कहा कि चीन आकर खेलने का उनका फैसला सही साबित हुआ, यह एशियन स्विंग शानदार रहा। बीजिंग में सेमीफाइनल तक पहुंची और अब यहां खिताब जीतना वाकई खास है। गॉफ और पेगुला कभी डबल्स पार्टनर रह चुकी हैं। इस ऑल-अमेरिकन फाइनल में गॉफ ने कई बार पिछड़ने के बावजूद वापसी की। उन्होंने लगातार 10 अंक जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। पेगुला ने भी गॉफ की तारीफ करते हुए कहा, कोको के साथ फाइनल खेलना शानदार अनुभव रहा। वह जबरदस्त फाइटर हैं। 31 वर्षीय पेगुला ने हाल के हफ्तों में बीजिंग और वुहान दोनों जगह शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि एशियाई टूर की गर्मी और थकान के बावजूद यह उनका सबसे अच्छा फॉर्म रहा है। गॉफ ने अब तक अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता है और उनकी फॉर्म आने वाले सीज़न के लिए इंगित करती है कि वह अभी लंबी दौड़ में हैं।



# अरशद नदीम के गुरु पर लाइफ टाइम बैन

**पाकिस्तान में धांधली का किया था पर्दाफाश, मिली सच्चाई की सजा**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरशद नदीम के मेंटॉर सलमान इकबाल के ऊपर पाकिस्तान में बैन लग गया है। आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं।

**सलमान इकबाल पर लगा बैन-** पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था और इसने पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) को दिए गए उनके जवाब के एक दिन बाद 10 अक्टूबर को इकबाल पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

## अरशद नदीम के गुरु पर बैन

पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं। आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं।

**इंडिया वर्सेस वेस्टइंडीज**

# भारतीय टीम को जीत के लिए 121 रन का टारगेट, विंडीज की दूसरी पारी 390 पर सिमटी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों टेस्ट सीरीज का दूसरा एवं आखिरी मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहा है. आज (13 अक्टूबर) इस मुकाबले का चौथा दिन है. वेस्टइंडीज की टीम ने भारत को जीत के लिए 121 रनों का टारगेट दिया है. वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी 390 रन बनाए. भारतीय टीम ने इस मुकाबले में अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित कर दी थी. इसके बाद वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 248 रन बनाए. भारत को पहली पारी के आधार पर 270 रनों की लीड मिली और उसने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन दिया. टीम इंडिया ने अहमदाबाद में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट मैच में पारी और 140 रनों से जीत हासिल की थी. यानी शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है.

संक्षिप्त समाचार

## सोनीपत-जींद ग्रीनफील्ड हाईवे फिलहाल हुआ फ्री, गुजरने वाले लोगों को नहीं देना पड़ रहा टोल

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा का सोनीपत–जींद ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे किसानों के विरोध के चलते फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए टोल फ्री हो गया है। दरअसल यहां किसानों ने रक्षक सिक्योरिटी कंपनी के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर भिड़ताना के पास टोल प्लाजा फ्री कराते हुए धरना देना शुरू कर दिया है, जिसके चलते रविवार को लगातार दूसरे दिन भी टोल प्लाजा फ्री रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोल फ्री होने से पंजाब की तरफ से आने वाले व दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को फायदा हो रहा है और वह बिना टोल दिए ही जा रहे हैं। धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनको न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह यहां धरना जारी रखेंगे और टोल को फ्री रखेंगे। इस विरोध प्रदर्शन की वजह बताते हुए किसान नेता रवि आजाद ने कहा कि रोहतक जिले के बड़ाली गांव निवासी समरजीत सिवाच रक्षक सिक्योरिटी में काम करते थे। वह जम्मू–कटरा रोड प्रोजेक्ट में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। इसी दौरान बीती 25 अगस्त को सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। किसान नेताओं ने दावा करते हुए कहा है कि उनकी मौत अचानक हुई सड़क दुर्घटना की वजह से नहीं हुई है, बल्कि साजिश के तहत उनकी हत्या करने के बाद उसे हादसे का रूप देने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि जब तक उनको न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह यहां धरना जारी रखेंगे और टोल को फ्री रखेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट के बाद समरजीत सिवाच को न तो किसी तरह की एम्बुलेंस सहायता मिली, और ना ही फर्स्ट एड किट की मदद से उनका इलाज किया गया। जिससे कि सही समय पर इलाज नहीं मिलने से उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली–कटरा एक्सप्रेस–वे का समय पूरा होने वाला था, इसलिए किसान जींद–सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे पर धरने पर बैठे हैं और टोल को फ्री करवाया है। उधर समरजीत सिवाच के परिजनों का आरोप है कि कंपनी ने मृतक के परिवार को मुआवजा देने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक मृतक के परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है और परिवार के सदस्य को कंपनी में नौकरी नहीं दी जाती, तब तक यह टोल फ्री ही रहेगा और धरना भी जारी रहेगा।

## सहकारी बैंकों की नई शाखाएं और स्टोर खोलने की योजना, मंत्री ने इसके फायदे बताए




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार राजधानी के सभी इलाके में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं और सहकारी स्टोर खोलने की योजना बना रही है। दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता आंदोलन को इन नई पहलों से मजबूती मिलेगी। दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्टोर खोला जाएगा। दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम बैठक में भाग लेते हुए सिंह ने घोषणा की कि विश्वास और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता विभाग के मंत्रियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बैंक खाते सहकारी बैंकों में खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अंत्योदय के विजन, समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और आत्मनिर्भर एवं विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उपभोक्ता सुविधाओं में सुधार और सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में आवश्यक सुधार लाने के लिए दिल्ली के 12 प्रमुख सहकारी बैंकों के अध्यक्षों और निदेशकों के साथ विस्तृत बैठकें की गई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोली जाएंगी, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों और पुनर्वास कॉलोनियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सिंह ने घोषणा की कि 14 से 20 नवंबर तक पूरे शहर में सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की भावना का प्रतिनिधित्व करेगा।

# दुष्कर्म की झूठी गवाही देने वाली महिला पर एफआइआर के आदेश



नई दिल्ली, एजेंसी। गौतमबुद्ध नगर की एडिशनल सेशंस और फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने 2020 के दुष्कर्म के एक झूठे मामले में आरोपी व्यक्ति को आईपीसी की धारा 376 (रेप) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज आरोपों से बरी कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने शिकायतकर्ता महिला के खिलाफ कोर्ट में झूठी गवाही देने के लिए सीआरपीसी की धारा 344 के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

शिकायतकर्ता महिला ने जुलाई 2020 में एक व्यक्ति सुभाष, उसके भाई राजेंद्र और बहन उधा देवी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था उसका अपहरण कर बंदूक की नोंक पर सुभाष से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिसने उसके साथ बलात्कार किया। इस मामले की जांच के दौरान रबूपुरा थाना पुलिस को राजेंद्र या उसकी बहन की कोई संलिप्तता नहीं मिली। इसके चलते पुलिस ने उसने केवल सुभाष के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 506 के तहत आरोपपत्र दायर किया। सुभाष को 4 अगस्त, 2020 को गिरफ्तार किया गया था और अदालत ने 27 मई 2022 को मामले का संज्ञान लिया। महिला ने यह भी आरोप लगाया था कि जब वह गर्भवती हुई तो उसे गर्भपात के लिए दवा दी गई। हालांकि, फास्ट-ट्रैक कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराते समय शिकायतकर्ता महिला ने एफआईआर में लगाए गए सभी आरोपों को वापस ले लिया था। तीनों के खिलाफ 22 जुलाई, 2020 को आईपीसी की धारा 313, 366, 376डी, 452 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसने बताया कि उसके पति ने उसे प्रताड़ित किया था, जिसके चलते वह अपने बच्चों को लेकर अपनी मर्जी से सुभाष के पास चली गई थी। महिला ने बताया, जब मैं वापस लौटी, तो मेरे पति ने एक शिकायत लिखी और उस पर मेरा अंगूठा लगवा लिया, जिसे बाद में पुलिस को दे दी गई ताकि सुभाष के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया जा सके। महिला ने कहा कि उसने अपने पति और पुलिस के दबाव में अपना बयान दर्ज कराया था। उसने राजेंद्र या उधा देवी से मिलने और बलात्कार किए जाने की बात से इनकार किया। प्रॉसिक्यूशन के एक अन्य गवाह ने भी शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई भी जानकारी होने से इनकार किया। प्रॉसिक्यूशन ने शिकायतकर्ता द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान को अपना आधार बनाने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने उनकी दलीलों को मानने से इनकार कर दिया और सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने दिल्ली स्टेट बनाम श्री राम लोहिया एआईआर 1950 सुप्रीम कोर्ट के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज बयान को पुष्ट साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस तरह के बयान का इस्तेमाल विरोधाभास या खंडन के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि सिर्फ इसलिए कि बयान धारा 164 के तहत दर्ज किया गया था और गवाह ने उसकी सच्चाई स्वीकार कर ली, इसका मतलब यह नहीं है कि पूरा बयान स्वीकार्य है या उसके किसी भी हिस्से का उपयोग पुष्ट साक्ष्य के रूप में किया जा सकता है।




## दिल्ली में समय से पहले ठंड की दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से मौसम ठंडा हो गया है। पिछले दिनों में हुई बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में इस साल दिल्ली समेत पूरे देश में ठंड समय से पहले दस्तक दे सकती है। पिछले हफ्ते श्रीनगर में समय से पहले बर्फबारी हुई और जम्मू–कश्मीर के मैदानी इलाकों में भी मध्यम से बारिश हुई जिससे हवा में ठंडक बढ़ गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में भी पूरे हफ्ते बर्फबारी जारी रही और राज्य के निचले इलाकों में भी बारिश हुई। इसका सीधा असर हिमाचल और पंजाब के तापमान में दिखाई दिया। इस बीच मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि समय में पहले ठंड की दस्तक की वजह मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में गिरावट के कारण विकसित हो रही ला नीना स्थितियां हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, ला नीना के कारण भारत के कई हिस्सों, खासकर उत्तरी भारत में, कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। इसका मतलब है कि पहाड़ी इलाकों में शीतलहर और बर्फबारी भी बढ़ सकती हैं। अक्टूबर में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान लगाया है, और इस महीने औसत 75.4 मिमी वर्षा का लगभग 115 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है। ला नीना मौसम को प्रभावित करने वाली एक बड़ी घटना है, जिसका संबंध प्रशांत महासागर से है। यह एल नीनो दक्षिणी दोलन नाम के पूरे चक्र का एक हिस्सा है। इएनएसओ के तीन चरण होते हैं – गर्म (अल नीनो), ठंडा (ला नीना), और न्यूट्रल जो दो से सात वर्षों के चक्रों में होते हैं।

## और खराब होने वाली है दिल्ली की हवा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में ठंड की आहट के बीच पलूशन ने भी हवाओं मे धीमा जहर घोलना शुरू कर दिया है। एक्यूआई तो 200 को पार कर गया था, जिसे खराब श्रेणी में माना जाता है। हालांकि रविवार को लगातार चली हवाओं ने इसके असर को कम किया, लेकिन 15 अक्टूबर के बाद स्थिति और खराब होने के संकेत हैं। यही नहीं, कुल प्रदूषण में पराली जलाने का हिस्सा मामूली रूप से बढ़कर 0.8 प्रतिशत हो गया, जबकि एक दिन पहले यह 0.4 प्रतिशत था। यह जानकारी केंद्र के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम की ओर से दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, कम तापमान के साथ जब हवा की गति भी कम हो जाती है, तो इन्वर्सन की स्थिति बनती है। इन्वर्सन में, ठंडी हवा गर्म हवा के नीचे फंस जाती है। यह एक ढक्कन जैसा बना देता है, जिसके कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो जाते हैं। इसके अलावा, इस मौसम में चलने वाली उत्तर–पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से निकलने वाले धुएं को भी साथ लेकर आती हैं। अक्सर नवंबर की शुरुआत के आसपास, दिल्ली के हवा में मौजूद कणिकीय पदार्थों में इसका अधिकतम योगदान 40 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। दिल्ली के पीएम 2.5 प्रदूषण में विभिन्न स्रोतों के योगदान का आकलन करने वाले डीएसएस (डिसीजन सपोर्ट सिस्टम) के अनुसार, रविवार को दिल्ली के परिवहन का योगदान सबसे ज्यादा था। अनुमानित तौर पर, प्रदूषण में इसका हिस्सा 19.8 प्रतिशत रहा। इसके बाद, प्रदूषण में योगदान सोनीपत (9.2 प्रतिशत) और झज्जर (5.1 प्रतिशत) से होने वाले उत्सर्जन का था। रविवार को पराली जलाने का योगदान 0.8 प्रतिशत रहा और सोमवार के लिए भी लगभग इतना ही योगदान रहने का अनुमान है।

# सौरभ भारद्वाज ने तंज कसते हुए कई टिप्पणियां कीं





नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के करवा चौथ मनाने वाले वीडियो का आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने जमकर मजाक उड़ाया है। आप के दिल्ली प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने तंज कसते हुए कई टिप्पणियां कीं और लोग ठहाके लगाते रहे। खुद भारद्वाज ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो को शेयर किया है। अब रेखा गुप्ता जी ने करवा चौथ मनाया। रेखा गुप्ता जी ने अपने पति के साथ करवा चौथ मनाया ( जोर से किसी न्यूज एंकर की तरह बोलते हुए, लोग ठहाके लगाने लगे)। अरे, सब अपने पति के साथ ही मनाते हैं, इसमें क्या बड़ी बात है। पहली बार क्या किसी ने अपने पति के साथ मनाया। आपने देखा वीडियो, सब जगह चल रही है। इधर पति है, इधर सौ के करीब सिक्यॉरिटी गार्ड हैं। जिनकी पर्व प्रतिशतयां नहीं मना पाई इसी वजह से। भारद्वाज दिल्ली के ऑटो चालकों के लिए आयोजित दिवाली मिलन समारोह में बोल रहे थे। भारद्वाज यहीं नहीं रुके। वह लगातार तंज कसते रहे और कार्यक्रम में बैठे लोग ठहाके लगाते रहे। उन्होंने कहा,आप देखो उस वीडियो में, इनकी थाली पकड़कर एक सिक्यॉरिटी वाला पकड़कर खड़ा है। उसकी बीवी वीडियो में देख रही है अपने पति को, कि हमारे सबके पति इसकी करवा चौथ मनवा रहे हैं। कैमरा मैन खड़े हैं छत पर, रेखा गुप्ता जी के छत पर चांद देखने कैमरा मैन भी गए हैं। हम भी चलेंगे, वीडियो बन रही है। पहली बार मना, यह है आपके वोट की कीमत कि रेखा गुप्ता ने करवा चौथ मनाया। आप देखिए कितनी भारी कीमत चुका रहे हो आप लोग। मैंने अरविंद जी को कहा कि सर आप इतने सालों से मनवा रहे थे, आप भी वीडियो बना लेते। हम भी कह देते कि इन्होंने भी मनाई। क्योंकि कुछ है ही नहीं जो किया हो इन्होंने।

# अब एयर होस्टेस परोसेगी शराब वो भी बिल्कुल फ्री में



टोरंटो, एजेंसी। वैश्विक विमानन और पर्यटन उद्योग में इस हफ्ते कई अहम घटनाएँ हुईं लेकिन सबसे दिलचस्प खबर कनाडा से आ रही है। कनाडा की प्रमुख एयरलाइन एयर कनाडा ने अपने यात्रियों को खुश करने और हालिया आलोचनाओं का सामना करने के लिए एक बड़ी और अनोखी पहल की है। अब कंपनी अपनी सभी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने वाले यात्रियों को मुफ्त बीयर और वाइन परोसेगी।

शिकायतें दूर करने की अनोखी रणनीति यह ऑफर सिर्फ लंबी दूरी की उड़ानों के लिए नहीं बल्कि छोटी घरेलू यात्राओं पर भी लागू होगा जिसका मतलब है कि एयर कनाडा में यात्रा करने वालों के लिए यह एक बड़ा आकर्षण होगा। कंपनी ने यह फैसला यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और उनकी शिकायतों को दूर करने के उद्देश्य से लिया है। पिछले कुछ महीनों में एयर कनाडा को यात्रियों की तरफ से अतिरिक्त बैगेज फीस और लेगरूम शुल्क को लेकर भारी आलोचना और असंतोष झेलना पड़ा था। ग्राहकों के असंतोष को दूर करने के लिए कंपनी ने उन्हें खुश करने के लिए यह फ्री ड्रिंक पॉलिसी लागू की है।

**ग्राहक संतुष्टि पर फोकस:** एयर कनाडा के वाइस प्रेसिडेंट ऑफ लॉयल्टी एंड प्रोडक्ट स्कॉट ओ लीरी ने इस कदम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, खाना और पेय पदार्थ ग्राहक संतुष्टि पर किसी भी अन्य सेवा से अधिक असर डालते हैं। यात्रियों को यात्रा के दौरान अच्छा अनुभव देना हमारी प्राथमिकता है। विमानन विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सिर्फ मेहमान नवाजी नहीं बल्कि यात्रियों का भरोसा वापस जीतने की एक सोची-समझी रणनीति है।

उत्तर अमेरिका में एयर कनाडा अब एकमात्र प्रमुख एयरलाइन बन गई है जो अपनी इकोनॉमी क्लास में मुफ्त शराब पेश कर रही है। अन्य अमेरिकी एयरलाइनों में यात्रियों को ड्रिंक के लिए अलग से भुगतान करना पड़ता है। यात्रियों ने इस कदम का स्वागत किया है हालांकि उनका यह भी कहना है कि कंपनी को सुविधाओं और अन्य सेवाओं में भी सुधार करना चाहिए।

● 2 साल बाद किया सुसाइड

## गर्ल फ्रेंड को आंखों के सामने मारी गई गोली, नहीं भूल पाया इजरायली शख्स



येरूशलम, एजेंसी। अक्टूबर 2023 में नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में हमास के नरसंहार से बचने के 2 साल बाद उस इजरायली व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया, जिसकी प्रेमिका को उसकी आंखों के सामने मार दिया गया था। 30 वर्षीय रोई शालेव का शव दूसरी बरसी के कुछ दिनों बाद उसकी जली हुई कार में मिला। अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले उसने ऑनलाइन एक मैसेज पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया कि वह अब और नहीं जी सकते। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के फिलिस्तीनी लड़ाकों ने गाजा से इजरायल में घुसपैठ की। इन लोगों ने नोवा ओपन-एयर म्यूजिक फेस्टिवल और आसपास के इलाकों पर हमला बोला, जिसमें 378 लोग मारे गए।

बीते 10 अक्टूबर को हमास हमले की दूसरी बरसी के तीन दिन बाद रोई शालेव ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसे लेकर उसके दोस्त और परिवार वाले चिंतित हो गए। उन्होंने लिखा, कृपया मुझसे नाराज न हों। कोई भी मुझे कभी नहीं समझेगा और यह ठीक है क्योंकि आप समझ नहीं सकते। मैं बस इस दुख को खत्म करना चाहता हूं। मैं जीवित हूं, लेकिन अंदर सब कुछ मर चुका है। इसके कुछ घंटों बाद उन्हें तेल अवीव में उनकी जलती हुई कार के अंदर मृत पाया गया। उसे आखिरी बार उसी दिन कैन में फ्यूल खरीदते हुए देखा गया था। रोई शालेव की मां उसकी प्रेमिका मपल एडम की बहुत करीब थीं। उन्होंने भी हमास हमले के कुछ दिनों बाद अपनी कार में आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नरसंहार के दिन शालेव, एडम और उनके सबसे अच्छे दोस्त हिली सोलोमन ने फेस्टिवल पर हमले के दौरान कार के नीचे छिपने की कोशिश की थी। शालेव ने एडम के ऊपर लेटकर उनकी रक्षा करने की कोशिश की और दोनों ने घंटों तक मृत होने का नाटक किया। हालांकि, दोनों को गोली मार दी गई और एडम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मपल एडम की बहन मायान ने अपनी बहन और शालेव की तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, रोई की हत्या तो 7 अक्टूबर को ही हो गई थी मगर कल उन्होंने अलविदा कहा।

# गाजा में हमास और डोगमूश कबीले के लड़ाकों में झड़प, हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

गाजा सिटी, एजेंसी। गाजा सिटी में रविवार को हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया।

झड़प में एक फिलिस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया। डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्किये में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जॉनस्टन और इजराइली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है। 2008 में हमास ने डोगमूश के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें कई लोग मारे गए थे। 2024 में हमास ने सालेह डोगमूश को मार दिया था। हमास ने आरोप लगाया था कि सालेह गाजा पहुंचने वाली राहत सामग्री को कब्जा कर महंगे दामों पर बेच रहा था। गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प के दौरान एक फिलिस्तीनी पत्रकार सालेह अलजफरावी (28) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अलजफरावी संघर्ष की कवरेज कर रहे थे। गोली लगने के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनका शव (प्रेस लिखी जैकेट पहने) एक ट्रक के पीछे पड़ा मिला। हमास के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि झड़प में शामिल डोगमूश गुट इजराइल से जुड़ा सशस्त्र संगठन है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इस गिरोह ने उन लोगों पर भी हमला किया जो दक्षिण गाजा से लौट रहे थे। अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 270 से ज्यादा पत्रकार गाजा में मारे जा चुके हैं।

इजराइल से समझौते के बीच हिंसा हुई

हमास और डोगमूश लड़ाकों में हिंसा, इजराइल से पीस समझौते के बीच हुई है। डोगमूश कबीले को अल डोगमूश मिलिशिया के नाम से भी जाना जाता है। इस कबीले के एक सदस्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा, बच्चे चिल्ला रहे हैं और मर रहे हैं, हमारे घर जल रहे हैं। हम फंसे हुए हैं। मुझे नहीं पता वे सभी हथियारों के साथ कैसे अंदर आए। यहा बड़ी हत्या हो रही है। कबीले के एक सीनियर सदस्य ने मुसलमानों से मुसलमानों का खून नहीं बहाने की अपील की। दूसरी तरफ हमास आज दोपहर तक 20 इजराइली बंधकों को रेड क्रॉस को सुपुर्द करेगा।

## फिलिस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या



# तीन गलतियों के बाद सेविका को हटाने की करें अनुशंसा, जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं : उपायुक्त





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) सह अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षिका (एलएस) आदि उपस्थित रहीं। बैठक का उद्देश्य बाल विकास, पोषण, मातृ स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना था।

**03 गलतियों पर सेविका को हटाने की अनुशंसा झ जीरो टोलरेंस नीति होगी लागू**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक सीडीपीओ अपने क्षेत्र की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से करें। जिन सेविकाओं से 03 बार गलती या लापरवाही पाई जाती है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा करें। सीडीपीओ अपने स्तर से एलएस के साथ समीक्षा कर जिला को अनुशंसा करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ने जीरो टोलरेंस नीति अपनाने का निर्णय लिया है। किसी भी स्थिति में कुपोषण, डेटा की गड़बड़ी या केंद्रों की अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों और गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना ही इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है और इसे हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रदर्शन में सुधार नहीं लाने वाली सेविकाओं का चयन होगा रद्द**

उपायुक्त ने कहा कि जो सेविकाएं लगातार कम प्रदर्शन कर रही हैं और सुधार नहीं दिखा पा रही हैं, उनके चयन को रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी। ऐसी सेविकाओं को तामिला/स्पष्टीकरण दी जाएगी और संबंधित ग्राम सभा को सूचित कर नया सेविका चयन को लिखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सेविकाओं को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील रहना होगा, क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण समाज के बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य का पहला आधार होते हैं।

**समर एप और पोषण ट्रैकर एप को करें सक्रिय और अद्यतन**

बैठक में तकनीकी पक्ष पर विशेष ध्यान दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सेविकाएं अपने मोबाइल पर समर एप को सक्रिय रखें और लंबित डेटा की संख्या शून्य करें। प्रत्येक बच्चे और लाभार्थी का विवरण नियमित रूप से अद्यतन किया जाए ताकि वास्तविक स्थिति की सही मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पोषण ट्रैकर एप का प्रयोग अब अनिवार्य है और उसकी एंट्री में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों को दोबारा कुपोषित श्रेणी में आने से रोकने के लिए सेविकाओं को परिवारों से नियमित संवाद बनाए रखना होगा।

**केंद्रों की स्वच्छता एवं अधिष्ठापन कार्यों पर बल**

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र बच्चों के विकास का स्थान हैं, इसलिए वहां स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, शौचालय सुविधा और बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने डीएमएफटी के तहत जिला से पहले जो सामग्रियां केंद्रों को उपलब्ध कराई गई हैं, उनका शतप्रतिशत अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाए। एलएस और सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि वे इसकी समेकित रिपोर्ट जिला कार्यालय को शीघ्र प्रस्तुत करें। साथ ही, डीएसडब्ल्यूओ को इसकी निगरानी को कहा।

**सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के सभी इंडिकेटर्स पर करें काम- 15 दिनों में बिजली कनेक्शन सुनिश्चित करें**

बैठक में बताया गया कि जिले के 715 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि सक्षम केंद्रों में सभी आवश्यक इंडिकेटर्स पूरे किए जाएं, जैसे पोषण वाटिका, बाला पेंटिंग, आरओ यूनिट, एलईडी स्क्रिन,वाई-फाई, इलेक्ट्रिसिटी, अपना भवन,शौचालय,पेयजल, रेन वाटर हर्वेस्टिंग आदि की उपलब्धता। उन्होंने आवेदन के बाद भी बिजली विभाग द्वारा केंद्रों में विद्युत कनेक्शन नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आवेदन किए गए 582 आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 दिनों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने को कहा। इस बाबत कार्य योजना समय के साथ मंगलवार शाम तक जिला को उपलब्ध कराने को कहा।

**रेन वाटर हार्वेस्टिंग का अभियान चलाने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण के तहत सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में इस दिशा में अभियान चलाया जाए और भवन प्रमंडल तीन मॉडल तैयार करें, जिन्हें अन्य क्षेत्रों जैसे नगर निगम, नगर परिषद आदि पर भी लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कदम जल संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास की दिशा में भी एक अहम प्रयास है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चत करें।

**अनियमित आंगनबाड़ी केंद्रों पर जवाबदेही तय होगी**

बैठक में यह बात सामने आई कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से नहीं खुल रहे हैं। इस पर उपायुक्त झ उप विकास आयुक्त ने गंभीरता व्यक्त की और संबंधित सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण को बढ़ाया जाए, केंद्रों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जाए, और सभी रिपोर्ट नियमित रूप से जिला कार्यालय को भेजी जाए। उन्होंने स्वयं आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण करने की बात कहीं।

**आइसीडीएस से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा**

बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालन घर योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचना चाहिए।

**सुधार और पारदर्शिता पर दिया विशेष बल**

बैठक के समापन पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि आइसीडीएस से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी अनिवार्य है। बाल विकास, पोषण और महिला कल्याण की योजनाएं समाज के भविष्य से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें किसी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। सभी संबंधित अधिकारियों और सेविकाओं से अपेक्षा है कि वे अपने कार्य को जनसेवा की भावना से करें और परिणाम आधारित दृष्टिकोण अपनाएं।

**अस्थियों का विधिवत विसर्जन करायगा जिला प्रशासनः उपायुक्त**

जिला प्रशासन ने अंतिम संस्कार सहायता योजना के तहत यह निर्णय लिया है कि जिले में विभिन्न स्थानों पर जो अस्थियां बिना विसर्जन के पड़ी हैं, उनका विधि-विधान के साथ अस्थि प्रवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी झ सीडीपीओ झ एलएस आदि को निर्देश दिया है कि सभी प्रखंडों में ऐसे स्थलों की पहचान की जाए, जहां लावारिस या परित्यक्त अस्थियां पड़ी हुई हैं, और उन्हें सम्मानपूर्वक एकत्र कर निर्धारित स्थान पर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल प्रशासनिक कार्यवाही है, बल्कि यह मानवता और सामाजिक संवेदना से जुड़ा हुआ कदम है। उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि अस्थि प्रवाह कार्यक्रम के आयोजन के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा धार्मिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि यह कार्य श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हो।

## बाल संरक्षण इकाई की देखरेख में संचालित आवासीय व गैर आवासीय इकाइयों की उपायुक्त ने की समीक्षा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी (पालन पोषण देख रेख अनुमोदन समिति) की बैठक की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनिता झा, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, सीडीपीओ सह सीओ आदि उपस्थित थे। बैठक में बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत संचालित विभिन्न आवासीय और गैर-आवासीय इकाईयों में रह रहे बच्चों की वर्तमान स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। डीसी ने कहा कि हर बच्चा केवल संख्या नहीं, बल्कि उम्मीदों और सपनों का दीपक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके।

**'बिछड़ों को हम मिलाते हैं' अभियानः बच्चों को उनके घर वापस लौटाने का प्रयास**

बैठक में आंध्र प्रदेश व रांची के बच्चों को उनके परिवार से जोड़ने की दिशा में कार्यवाही करने के लिए सीडब्ल्यूसी के सहयोग से आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा अपने परिवार के स्नेह और अपनत्व से वंचित नहीं होना चाहिए। हर बच्चे को अपने घर का स्नेह और सुरक्षा मिलने का अधिकार है।

**खेल-कूद और स्वास्थ्य गतिविधियां करें आयोजित, बच्चों के समग्र विकास पर दें ध्यान**

डीसी ने सहयोग विलेज, संप्रेक्षण गृह और मानव सेवा आश्रम... में रह रहे बच्चों को खेल और प्रतियोगिताओं में शामिल करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य बच्चों की शारीरिक और मानसिक ऊर्जा को विकसित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना है। सभी बच्चों का हेल्थ मैपिंग कराना अनिवार्य किया गया। ताकि उनके स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण की हर जरूरत का समय पर ध्यान रखा जा सके।

**बाल विवाह रोकथाम – बच्चों के उज्जवल भविष्य की सुरक्षा**

डीसी ने बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक, सामाजिक और जन जागरूकता स्तर पर ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर बच्चा शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का हकदार है। समाज की जिम्मेदारी है कि वह उनके सपनों को तोड़े बिना उन्हें सुरक्षित और समर्थ बनाएं। उन्होंने बाल संरक्षण पदाधिकारी को बाल विवाह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर झ सामाजिक स्तर झ जन जागरूकता के माध्यम से कौन सी पहल हो, प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया।

**बच्चों के कल्याण के लिए समन्वित प्रयास**

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बच्चों के कल्याण के लिए समन्वित प्रयास करने, उनके जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें सामाजिक गतिविधियों में संलग्न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। उनका सुरक्षित और खुशहाल जीवन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा : संजय सेठ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र स्थित पराजन्य बी.एड कॉलेज में ह्लआत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व केवल एक नारा नहीं बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वरोजगार,नवाचार और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर देश की आर्थिक मजबूती में अपनी भूमिका निभाएँ। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया—के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर बताया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री तारा देवी, धरणीधर मंडल, जगदीश रवानी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, सपन बनर्जी, श्रीराम गोराई, निताय रजवाड़, कुमार महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही धनबाद में इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन के सभागार में भी ह्लस्वदेशी संकल्प यात्रा सम्मेलनह्व का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, विधायक राज सिन्हा तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मंत्री ने इस अवसर पर युवाओं और बच्चों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी साकार होगा जब हर नागरिक स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को अपनी आदत बना लेगा।

## मुंह के कैंसर का 92 प्रतिशत मुख्य कारण तम्बाकू होता है : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार राम विलास +2 उच्च विद्यालय एवं राजेन्द्र उच्च विद्यालय जारंगडीह बेरमो बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने के परामर्शी सेवा के साथ-साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। जिला परामर्शी मो असलम ने बच्चों को बताया कि खैनी का सेवन भी मुंह के कैंसर का कारण होता है। झारखंड में कुल आबादी का लगभग 38.9 प्रतिशत लोग तम्बाकू किसी न किसी रूप में लेते हैं, जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष है और 17 प्रतिशत महिलायें है। 59.7 प्रतिशत पुरूष में 26 प्रतिशत लोग झारखण्ड में सिर्फ और सिर्फ खैनी का सेवन करते हैं जोकि मुंह के कैंसर का एक मुख्य कारण होते है।

# खैराचातर में उद्यम पंजीयन और जागरूकता कैंप आयोजित

**ग्रामीण उद्यमियों को मिले रजिस्ट्रेशन के फायदे और आसान व्यवसाय की जानकारी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यवसाईयों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एक विशेष उद्यम पंजीयन एवं जागरूकता कैंप का आयोजन कसमार प्रखंड के खैराचातर पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान 85 स्थानीय लघु कुटीर उद्योग व्यवसाईयों ने भाग लिया और मौके पर ही उनका उद्यम पंजीयन कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से जिला उद्योग प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे, जिन्होंने उद्यम रजिस्ट्रेशन के महत्व और प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण उद्यमियों के लिए उद्यम पंजीकरण के कई महत्वपूर्ण फायदे हैं। इनमें सबसे प्रमुख है बैंकों से बिना किसी गारंटी के आसान ऋण की सुविधा, ब्याज पर सब्सिडी, सरकारी निविदाओं (टेंडरों) में प्राथमिकता और कर (टैक्स) में छूट मिलना। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह पंजीकरण बिजली बिलों में रियायत दिलाने के साथ-साथ लाइसेंस एवं परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाता है, जो ग्रामीण उद्यमों के सुचारु विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने ग्रामीण व्यवसाईयों के सामने आने वाली चुनौतियों को




रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि "जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसाईयों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए सभी विभागों एवं संस्थाओं को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।" पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत में विभिन्न व्यवसाय के लोग निवास करते हैं और महिला-पुरुष सभी का उद्यम रजिस्ट्रेशन किया जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पंजीकरण उन्हें आगे व्यवसाय करने और सरकारी सहायता प्राप्त करने में काफी मदद करेगा। यह जागरूकता कैंप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और उद्यमियों को औपचारिक औद्योगिक ढांचे से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस सफल आयोजन में जिला उद्योग केंद्र के किशोर रजक, विकाश प्रकाश, सुभाष चंद्र सिंह, मोहन प्रसाद महतो, राजेश महतो, प्रशिक्षक डोली देवी, मनोज कुमार, विवेक रंजन जायसवाल, तथा सहयोगिनी संस्था से पुष्पा देवी, रेखा देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बाल मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे 6 बच्चों का रेस्क्यू, दो तस्कर पकड़े गये

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो रेलवे स्टेशन पर बाल मजदूरी के खिलाफ चलाए गए एक संयुक्त रेस्क्यू अभियान में 6 नाबालिग बच्चों को तस्करों के चंगुल से बचाया गया। ये सभी बच्चे वास्को डी गामा साप्ताहिक एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 17322) से सिकंदराबाद ले जाए जा रहे थे। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन और सहयोगिनी संस्थाओं ने रेलवे सुरक्षा बल , राजकीय रेलवे पुलिस और चाइल्ड लाइन के सहयोग से यह अभियान चलाया। सूचना के अनुसार, ट्रेन जसीडीह से चली थी और इसमें कुल 16 बच्चों के साथ 2 तस्कर सवार थे, जिन्हें बाल मजदूरी कराने के लिए सिकंदराबाद ले जाया जा रहा था। बोकारो स्टेशन पर चलाए गए इस अभियान में 6 बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। रेस्क्यू के दौरान बच्चों के साथ सफर कर रहे दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक तस्कर की पहचान धर्मेंद्र मांझी के रूप में हुई है। सभी बच्चों को तस्कर द्वारा बहला-फुसलाकर बाल मजदूरी के लिए ट्रैफिक किया गया था। इस सफल रेस्क्यू अभियान में जीआरपी के अंजनी कुमार स्टेशन प्रबंधक, बोकारो रेलवे स्टेशन अजय नाथ हालदार, आरपीएफ के अरुणा उरांव, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश कुमार साव, चाइल्ड लाइन के विष्णु कुमार, राहुल कुमार महतो, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन तथा सहयोगिनी के रवि कुमार, अनिल कुमार हेंब्रम शामिल थे। रेस्क्यू किए गए बच्चों को आगे की कानूनी प्रक्रिया और पुनर्वास के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी बोकारो के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस एवं आरपीएफ द्वारा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रॉपर्टी हड़पने के लिए मां-बेटे को 15 महीने तक कैद में रखा, पुलिस ने किया रेस्क्यू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां सेक्टर 6डी के आवास संख्या 2517 में एक मां और उसके बेटे को पिछले 15 महीनों से कैद में रखा गया था। जानकारी के अनुसार, सेक्टर 3 निवासी अशोक सिंह नामक व्यक्ति ने उन्हें प्रॉपर्टी हड़पने के उद्देश्य से बंधक बना रखा था। सोमवार को मिली सूचना के आधार पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने बंद घर से मां-बेटे को रेस्क्यू कराया। थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया कि दोनों बेहद खराब हालत में घर में रह रहे थे। आश्चर्य की बात यह रही कि इतने लंबे समय तक पड़ोसियों ने कभी पुलिस को सूचना नहीं दी। पीड़ित संतोष सिंह ने बताया कि अशोक सिंह, जो कांग्रेस का महासचिव और इंटक का अध्यक्ष है, उन्हें बहुत ही कम मात्रा में राशन देता था और घर के बाहर ताला लगाकर चला जाता था। जरूरत पड़ने पर मां-बेटा रस्सी के सहारे झोले में दवा और सामान नीचे उतारकर लोगों से मदद मांगते थे। संतोष सिंह ने बताया कि वे मूल रूप से चास के तारानगर के निवासी हैं और पारिवारिक विवाद के कारण मामला न्यायालय में लंबित है। अधिवक्ता नीतीश टंडन ने उनकी मां की मुलाकात अनिल सिंह से कराई थी, जिसने केस में कुछ आर्थिक मदद की थी। इसके बदले अनिल सिंह ने उनकी चास की संपत्ति हड़पने की योजना बनाई और उसका पावर ऑफ अटॉर्नी अपने नाम करवा लिया।

# दुकानदार इक्कीस वर्ष के कम आयु के बच्चों के बीच तम्बाकू की बिक्री न करें


**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी के सहयोग से विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सिटी थाना परिक्षेत्र के नयामोड बस स्टैण्ड, नयामोड चौक, कोआपरेटिव कालोनी के कुल 74 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 21 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3500 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 कानून के तहत सभी दुकानदार धारा-6ए के तहत 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुमार्ना। ऐसे में सभी दुकानदारो का सामाजिक



दायित्व है कि 30ग 60 से0मी0 का एक बोर्ड अपने दुकान के सामने लगाये जिसके आधे हिस्सा में लिखा हो कि 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचना दण्डनीय अपराध है और आधे भाग पर मुंह का कैंसर बना होना चाहिए। साथ ही यह सामाजिक दायित्व का निर्वाहन दुकानदार को करना चाहिए कि 21 वर्ष के बच्चों को तम्बाकू न दें। कोई भी व्यक्ति यदि खुले में धुम्रपान करता है तो पैसिव स्मोकिंग की वजह से दूसरे व्यक्ति को भी नुकसान करता है। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि उक्त कोटपा कानून का अनुपालन अवश्य करें साथ ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित कोई भी पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने न लगायें क्योकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एस0आई0 के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

## पुलिस गिरफ्त में प्रिंस खान गिरोह के 12 अपराधी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिंस खान गिरोह से जुड़े 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता दुर्गा सैफी उर्फ मेजर के नेतृत्व में व्यापारियों को लगातार धमकी देने वाले गिरोह की जांच के दौरान मिली। यह गिरोह लंबे समय से संगठित तरीके से धन उगाही और आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे हुए हैं। इसी सूचना के आधार पर छपेमारी कर राज्य के विभिन्न हिस्सों से 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो देसी बम, 31 हजार रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल और सात स्मार्टफोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में लकी, विशाल उर्फ छोटू, पवन कुमार सिंह, रितिक कुमार विश्वकर्मा, अमन कुमार गुप्ता, विक्रम कुमार साह, आकाश कुमार बरनवाल, तालिक अंसारी,



अभिषेक पांडे, सूरज टांडी, आशीष कुमार सिंह और तौकीर राजा अफरीदी शामिल हैं। धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह गिरोह संगठित तरीके से काम करता था और इसके आर्थिक स्त्रोतों, शूटरों के नेटवर्क तथा हथियारों की खरीद-बिक्री की चैनल को ध्वस्त करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसएसपी ने कहा कि पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com